जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 14 संख्याः 260 प्रभात हिण्डौन सिटी, गुरुवार 21 जुलाई, 2022 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*चकोर या चुकर पक्षी मूलतः मिडिल ईस्ट और दक्षिण पूर्व एशिया में मिलते हैं पर अमेरिका, हवाई, ब्रिटिश कोलम्बिया, यूरोप के कुछ भागों और न्यूज़ीलैण्ड में इन्हें गेम बर्ड्स के रूप में काफी पंसद किया जाता है। इराक और पाकिस्तान के राष्ट्रीय पक्षी चकोर का सबसे पुराना उल्लेख 250-500 ईस्वी के संस्कृत ग्रंथों में मिलता है। फैज़न्ट वर्ग के चकोर पक्षी भारत, इज़राइल, लेबनान, सऊदी अरेबिया, सीरिया, इराक, ईरान, अफगानिस्तान, तुर्कमेस्तिान, अफगास्तिान, उज़बेकिस्तान, कज़ाकिस्तान, ताज़ीकिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल, चीन और मंगोलिया में तथा और ग्रीस, तुर्की व सायप्रस में भी पाए जाते हैं। भारत में कश्मीर और पश्चिमी हिमालयन क्षेत्र में इन पक्षियों की अच्छी आबादी है। इनकी कुल 16 रिकॉर्डेड उप प्रजातियाँ हैं जिनमे से दो भारत में पाई जाती हैं। इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) में इन्हें ''लीस्ट कन्सर्न'' (कम चिंता जनक) वर्ग में रखा गया है। मध्यम आकार के, 30 से 40 सैंटीमीटर लम्बे इन पक्षियों का वजन 450 से 800 ग्राम के बीच होता है। गर्मी में इनका प्रजनकाल आता है और नर मादा को रिझाने के लिए भोजन एकत्रित करता है। नर का प्रस्ताव स्वीकार होने पर मादा खाने के पास आती है। यही नहीं, नर सिर और पंख झुकाकर गर्दन फुलाकर मादा का पीछा करता है और कई बार विशेष प्रकार की आवाज निकालकर लम्बे डग भी भरता है। अगर मादा को प्रस्ताव स्वीकार होता है तो वह एक जगह बैठ जाती है। नर मोनॉगमस होते हैं। मादा एक बार में 7 से 14 अंडे देती है, 23 से 25 दिन में अंडों से चूज़े निकल आते हैं। संरक्षित केन्द्रों में अगर उनके अण्डे इकट्ठे किए जाएं तो वे रोज अण्डे दे सकते हैं। साहित्य में चकोर को लेकर कई किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। जैसे, इस पक्षी को चांद से असीम प्रेम है, यह सारी रात चंद्रमा को ताकता रहता है और अंगारों को चन्द्रमा समझकर खा जाता है। हालांकि, वैज्ञानिक ऐसा नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि, यह पक्षी जुगनू जैसे चमकने वाले कीड़े तो खाता है, पर अंगारे नहीं खाता। इसके बारे में एक और बात बहुत मशहूर है कि, ''विषैली वस्तु'' को देखते ही इसकी आंखें लाल हो जाती हैं और यह मर जाता है। कहा जाता है कि, इसीलिए पुराने समय में भोजन की परीक्षा के लिए राजा इस पक्षी को पालते थे।*

# विदेशी इन्वैस्टर भारत से अपनी रकम निकाल कर अमेरिका में इन्वैस्ट कर रहा है

## कारण है अमेरिका का रिज़र्व बैंक ब्याज बढ़ा रहा है, क्योंकि यह दुनिया का सबसे बड़ा रिज़र्व बैंक है, दुनिया भर से पैसा खिंचकर अमेरिका की ओर बह रहा है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जुलाई। लोगों के लिए जीवन 40 से शुरु होता है पर भारतीय रूपए के लिए जीवन 80 पर रोमांचक होना शुरु हो रहा है।

भारतीय रूपया आज फॉरेन एक्सचेंज मार्केट्स की ट्रेडिंग में एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में 80 रूपए के मनोवैज्ञानिक बैरियर को पार कर गया। अब यह जानना रोचक होता जा रहा है कि बाजारों में रूपया किस तरह से अपना बचाव करेगा और क्या यह अपनी खोई हुई कीमत वापस रिकवर कर पाएगा।

आर्थिक सुधारों और उदारवाद के बाद विदेशी निवेश के नियम संशोधित किए गए थे और विदेशी संस्थागत निवेशकों को भारतीय शेयर बाजारों में अपना पैसा लगाने की अनुमति दी गई थी। यह अच्छा है क्योंकि इससे निवेश डॉलर्स में प्राप्त होता है।

- **गत एक वर्ष में भारत से तीस अरब डॉलर का इन्वैस्टमैंट निकाला गया है, अमेरिका में लगाने के लिये।**
- **स्वाभाविक ही है, डॉलर बहुत मजबूत हो रहा है और भारत की मुद्रा रूपये की कीमत डॉलर की तुलना में गिरती जा रही है।**
- **पर, यह निष्कर्ष निकालना गलत है कि, रूपये की कीमत इसलिये गिर रही है, क्योंकि हिन्दुस्तान की इकॉनमी की हालत कमजोर है। बल्कि गत वर्ष की तुलना में इकॉनमी की हालत इस वर्ष कुछ बेहतर है।**
- **रूपये की ही कीमत नहीं घट रही है बल्कि सभी देशों की मुद्राओं के दाम घट रहे हैं, पैसा अमेरिका की ओर खिंचने से।**
- **अतः, अगर रिज़र्व बैंक अपनी विदेशी मुद्रा खर्च करके रूपये के मूल्य को गिरने से रोकने का प्रयास करेगी, तो यह गलत निर्णय होगा, बहुमूल्य विदेशी मुद्रा (डॉलर) तो हम खर्च कर ही देंगे, पर रूपये की कीमत घटना रोक नहीं पायेंगे।**

हालांकि, इसके साथ ही जब वित्तीय बाजार संकट में होते हैं तब भारतीय शेयर बाजारों में पहले से निवेश किए गए विदेशी निवेश की धन निकालने का जोखिम भी उत्पन्न हो जाता है। यह वही स्थिति है जो अब हो रही है क्योंकि यूक्रेन युद्ध की अनिश्चितताओं के कारण तेल की कीमतें बढ़ने, पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ने और व्यापार के सामान्य चैनल्स में व्यवधान पड़ने और केन्द्रीय बैंकों के अपनी मौद्रिक नीतियों को पुनर्संरचित करने की स्वाभाविक प्रतिक्रिया हुई है।

इनमें से सबसे महत्वपूर्ण सैन्ट्रल बैंक, यू.एस. फैडरल रिज़र्व अपनी अत्यन्त कम फ्लोर रेट्स को और ऊंचे स्तरों तक बढ़ाने वाला है। इन संभावनाओं में संकेत ये हैं कि यू.एस. फैड एक ही बार में 100 बी.पी.एल. की बड़ी वृद्धि कर सकता है।

ये सभी तथ्य जोखिम गणनाओं और वित्तीय सम्पत्तियों के रिटर्न्स को बदल रहे हैं। जब भविष्य में ब्याज दरों के भविष्य में बढ़ने की उम्मीद होती है, तब वर्तमान सम्पत्तियां अपने मूल्य और लाभों में नकारात्मक हो जाती है। अतः निवर्तमान कीमतें गिर रही हैं और शेयर घाटे में जा रहे हैं।

अमेरिका की ब्याज दरों में भविष्य में संभावित वृद्धि को देखते हुए भारतीय शेयरों के विदेशी निवेशक अपना पैसा वापस निकाल रहे हैं, खबरें संकेत देती हैं कि विदेशी निवेशकों ने इसी वर्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कोविड-19 संक्रमण

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जुलाई। भारत में बुधवार को कोविड-19 के नये मामलों में भारी उछाल आया। एक दिन पहले मंगलवार को 15,528 केस आए थे पर बुधवार को इनकी संख्या 20,557 पहुंच गई। बुधवार को दैनिक मृत्यु आँकड़ा 40 पर था।

- **बुधवार को कोविड-19 संक्रमण के मामलों में भारी उछाल देखा गया, मंगलवार 15,528 नए मामले आए थे, जबकि बुधवार को 20, 557 नए केस आए।**

पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र तथा पश्चिम बंगाल में कोविड-19 से छः-छः मौत हुई। इसके बाद, पंजाब में 4, सिक्किम, केरल तथा असम में 3-3, दिल्ली में 2 तथा हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, ओडिशा एवं मणिपुर में से प्रत्येक राज्य में 1-1 मृत्यु हुई।अब कोविड-19 के कारण 5,25,829 लोगों की मृत्यु हो चुकी है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमण्डल में असंतोष?

## असंतोष का कारण है योगी का ''स्टाइल ऑफ वर्किंग'' जिसमें सारे अधिकार मु.मंत्री में समाहित हैं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जुलाई। उत्तर प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने पार्टी हाई कमान से शिकायत की है कि ''दलित होने के कारण'' उनकी उपेक्षा की जा रही हैं। एक अन्य मंत्री ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा है कि उनके ''पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट'' (पी.डब्ल्यू.डी.) जैसे महत्वपूर्ण मन्त्रालय में दखलंदाजी की जा रही हैं। इन स्थितियों को योगी सरकार के लिये एक संकट के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन वास्तव में कोई हलचल नहीं है। क्योंकि असली मुद्दा यह है कि सारी शक्ति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों केन्द्रित हैं।

नरेन्द्र मोदी द्वारा सारी शक्ति को प्रधानमंत्री कार्यालय में केन्द्रित कर दिया जाना या योगी आदित्यनाथ द्वारा सारी शक्तियाँ मुख्यमंत्री कार्यालय में निहित कर दिया जाना नई भाजपा में कोई मुद्दा नहीं रह गया हैं।

- **राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने अमित शाह को अपना त्यागपत्र भेजा तथा पी.डब्ल्यु.डी. मंत्री जितिन प्रसाद भी आग बबूला हैं क्योंकि उनके ओ.एस.डी., आई.ए.एस. अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय व विभाग के पांच वरिष्ठ अधिकारियों पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाये गये व उन्हें निलंबित कर दिया गया है।**
- **दोनों मंत्री भुनभुना रहे हैं, पर मोदी सरकार की भांति योगी सरकार में भी हाई कमान चुप रहता है तथा दोनों का एक छत्र शासन चलता है।**

उत्तर प्रदेश के एक मन्त्री दिनेश खटीक ने अपना त्यागपत्र गृहमन्त्री अमित शाह के पास भेज दिया है। इस पत्र में शिकायत की गई है कि ''दलित होने के कारण उनकी उपेक्षा'' की जा रही है। यह पत्र राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल के पास जाना चाहिये था। लेकिन यह तरीका योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली के खिलाफ साफतौर पर विरोध व्यक्त करता है। कहा जाता है कि हर चीज को अपने नियन्त्रण में रखना योगी की सनक हैं।

खटीक, जो उत्तर प्रदेश सरकार में जल संसाधन मंत्री हैं, ने अपने पत्र में कहा है कि उन्हें 100 दिन से कोई काम नहीं सौंपा गया हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि ''मैं इसलिये इस्तीफा दे रहा हूँ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नीट परीक्षा दोबारा

श्रीगंगानगर, 20 जुलाई (कासं)। श्रीगंगानगर के आर्मी पब्लिक स्कूल में 17 जुलाई को आयोजित नीट-2022 परीक्षा में हुई गड़बड़ी के बाद केन्द्र सरकार ने इस परीक्षा को दोबारा आयोजित कराने के लिए सहमति दे दी है।

- **श्रीगंगानगर में आर्मी पब्लिक स्कूल में 17 जुलाई को आयोजित नीट-2022 परीक्षा में गड़बड़ी के बाद केन्द्र सरकार ने वहां दोबारा परीक्षा करवाने के आदेश दिए हैं।**

इस विषय को लेकर लोकसभा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री निहाल चन्द ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया से मिले। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि 17 जुलाई को श्रीगंगानगर स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित इस परीक्षा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'माकन को हटाने की कहानी राज्यसभा चुनाव से पहले ही लिखी जा चुकी थी'

## विवेक बंसल, जो माकन के चुनाव प्रभारी थे, का यह वक्तव्य आत्म रक्षा का प्रयास है?

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जुलाई। हरियाणा के राज्यसभा चुनावों में अजय माकन की हार से सम्बन्धित आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर अभी जारी हैं।

हरियणा के ए.आई.सी.सी. प्रभारी विवेक बंसल ने पहली बार अपनी खामोशी तोड़ते हुये कहा कि अजय माकन ही पराजय की पटकथा तो चुनावों से काफी पहले ही लिखी जा चुकी थी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के दिग्गज नेता भूपिन्दर सिंह हूड़ा ने जे.जे.पी. के विधायकों तथा निर्दलीयों को साधने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किये तथा यही दशा माकन की रही। माकन ने भी इनके वोट हासिल करने के लिये कुछ नहीं किया।

विवेक बंसल माकन के चुनाव के चुनाव-प्रभारी थे। उन्होंने कहा कि हूडा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **अजय माकन, राज्यसभा में अपनी हार के लिये किरण चौधरी व विवेक बंसल को जिम्मेवार मानते हैं। किरण चौधरी अपनी ओर से स्पष्टीकरण दे चुकी हैं, अब विवेक बंसल ने यह वक्तव्य देकर जिम्मेवारी भूपेन्द्र सिंह हूडा आदि पर डाली।**
- **बंसल के अनुसार हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में भूपेन्द्र सिंह हूडा ने जे.जे.पी. विधायकों व निर्दलीय विधायकों को संग्रहित करने का कोई प्रयास नहीं किया। यह भी पहले से ही चर्चा में था कि, कुलदीप विश्नोई, कांग्रेस पार्टी से खुश नहीं हैं, अतः माकन के पक्ष में वोट नहीं करेंगे।**
- **चर्चा तो यह भी है कि, प्रियंका गांधी भी राहुल के उम्मीदवार माकन को हराना चाहती थीं, वैसे भी प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा के डी.एल.एफ. कंपनी वालों से नजदीकी संबंध हैं तथा उनके मार्फत विनोद शर्मा को जानते हैं, जिनका पुत्र कार्तिकेय शर्मा, माकन को हरा कर राज्यसभा सदस्य बना है।**

## अग्निपथ

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जुलाई। तीनों सशस्त्र सेनाओं में भर्ती की केन्द्र सरकार की अग्निपथ स्कीम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 अगस्त को सुनवाई नियत की है क्योंकि उसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा हस्तांतरित की गई फाइल्स अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट को सूचित किया था कि शीर्ष अदालत ने इस स्कीम को चुनौती पेश करने वाली सभी याचिकाओं को 19 जुलाई को ट्रांसफर कर दिया था। ये याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट व अन्य हाईकोर्टों के समक्ष लम्बित थीं।

- **सेना में भर्ती की सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ दर्ज सभी याचिकाओं की दिल्ली हाई कोर्ट 25 अगस्त को सुनवाई करेगा।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान विश्वविद्यालय के वी.सी. की नियुक्ति में काफी गड़बड़ झाला दिख रहा है

## हाई कोर्ट ने वी.सी. के चयन के लिए गठित ''सर्च कमेटी'' को कटघरे में लिया और जवाब तलब किया

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

जयपुर, 20 जुलाई। राजस्थान हाई कोर्ट में राजस्थान विश्वविद्यालय के वी.सी. (वाइस चांसलर) के पद पर राजीव जैन की नियुक्ति के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश एस.एस. शिंदे और न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड की डबल बैंच ने गत मंगलवार को सुनवाई की थी, जिसका आदेश हाई कोर्ट ने शनिवार देर शाम को अपलोड किया था।

अदालत ने मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के वी.सी. को नियुक्त करने के लिए गठित ''सर्च कमेटी'' के चेयरमैन और एक अन्य सदस्य डॉक्टर प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी से जवाब तलब किया। उल्लेखनीय है कि अदालत ने विश्वविद्यालय के वी.सी. राजीव जैन से इस मामले में 11 फरवरी 2021 को ही जवाब तलब कर लिया था।

- **पहली आपत्ति तो यह है कि ''सर्च कमेटी'' में चार सदस्य होते हैं, जिसमें यू.जी.सी. का प्रतिनिधि भी शामिल होता है। परन्तु इस बार वह वी.सी.की चयन समिति में शामिल ही नहीं था।**
- **''सर्च कमेटी'' का एक अन्य सदस्य राजस्थान विश्वविद्यालय की सीनेट का सदस्य था, जबकि व्यवस्था है कि विश्वविद्यालय से संबद्ध व्यक्ति ''सर्च कमेटी'' का सदस्य नहीं हो सकता।**
- **''सर्च कमेटी'' में चार सदस्यों में से दो पर प्रश्न चिन्ह लगा है। अतः इस ''सर्च कमेटी'' का निर्णय विवादित बन जाता है।**
- **जैसा कि विदित ही है 213 उम्मीदवारों ने वी.सी. पद के लिए आवेदन किया था, उनमें से चार लोगों को किस कारण से और क्यों चयनित किया गया था, इस पर ''कमेटी'' कोई स्पष्टीकरण नहीं कर पाई है।**
- **अंत में इन चार जनों में से जिस व्यक्ति को वी.सी. नियुक्त किया गया, उसके पास न तो अनिवार्य रूप से आवश्यक अनुभव था और न ही शैक्षणिक योग्यता, जैसे पांच रिसर्च पेपर का प्रकाशन।**

जैसा कि विदित ही है कि इस मामले में डॉक्टर राम बृक्ष सिंह द्वारा जनहित याचिका दायर की गई थी और याचिककर्ता की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद पैरवी के लिए अदालत में पेश हुए थे।

याचिका में यह आरोप लगाया गया है कि राजस्थान विश्वविद्यालय के वर्तमान वी.सी. की नियुक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए की गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि नियमों के अनुसार राजस्थान विश्वविद्यालय के वी.सी. के पद पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार को कम से कम 10 वर्ष तक किसी विश्वविद्यालय में ''प्रोफेसर'' के पद पर कार्य करने का अनुभव होना चाहिये, जबकि वर्तमान वी.सी. ने कोटा विश्वविद्यालय में केवल 5 वर्ष और तीन महीने तक ही ''प्रोफेसर'' के पद पर कार्य किया है। याचिका में आगे कहा गया है कि राजीव जैन ने राजस्थान विश्वविद्यालय के वी.सी. के पद पर नियुक्ति प्राप्त करने के लिए कम से कम पांच रिसर्च पेपर भी किसी भी शैक्षणिक प्रकाशन में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## खादिम गौहर चिश्ती

अजमेर, 20 जुलाई (कास)। ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह से 17 जून को निकाली गई रैली में भड़काऊ नारे लगाने और तकरीर करने के आरोपी खादिम गौहर चिश्ती को अजमेर पुलिस ने बुधवार को खादिम मौहल्ला स्थित उसके निवास पर ले जाकर जगह की तस्दीक करवाई।

- **अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के आरोपी खादिम गौहर चिश्ती से पुलिस ने घर की तस्दीक कराई।**

जानकारी के अनुसार खादिम गौहर चिश्ती को बुधवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच दरगाह क्षेत्र स्थित खादिम मौहल्ले ले जाया गया। पुलिस का भारी लाव-लश्कर जिस भी मार्ग और गलियों से गुजरा वहां आगे से आगे किसी को भी तांकने-झांकने तक नहीं दिया गया।

यहां तक कि राह में पड़ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

दूसरों के अनुभव से होशियारी सीखने की मनुष्य को इच्छा नहीं होती, उसको स्वतंत्र ठोकरें चाहिए। –विनोबा

# युवाओं में बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा

देश में 25 प्रतिशत मौतें हार्ट अटैक के कारण हो रही है। तेजी से बदलते लाइफस्टाइल और आर्थिक-सामाजिक हालात के साथ दिल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषकर युवाओं में दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। कई स्टडी में युवाओं में ज्यादा शराब और स्मोकिंग की आदत को हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल की बीमारियों का जिम्मेदार माना गया है। साथ ही मोटापा, शुगर और तनाव को भी इसका जिम्मेदार ठहराया है। स्टडी के अनुसार, शराब और स्मोकिंग का असर ब्लड प्रेशर, कॉलेस्ट्रोल और ब्लड ग्लूकोज पर पड़ता है। जंक और फैटी फूड की वजह से धमनियां सख्त हो जाती हैं जो दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ाती हैं। युवा संतुलित आहार न लेकर फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन कर रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए घातक हैं। चिकित्सकों का कहना हैं कि संतुलित आहार के साथ युवाओं को व्यायाम, योगा व वॉकिंग पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यंग एज में दिल की बीमारी का पता नहीं चल पाता जिसका दुष्परिणाम ये होता है कि दिल ठीक से काम करना बंद कर देता है और फिर हार्ट फेल होने जैसी जानलेवा घटनाएं हो जाती हैं। स्टडी अनुसार सड़क हादसों के बाद युवाओं की मौत की दूसरी बड़ी वजह दिल के रोग हैं। 15 से 39 वर्ष के उम्र वर्ग में होने वाली 12.5 फीसदी मौतों में से 15.8 में मौत की वजह हृदय रोग ही हैं।

हाल ही मशहूर सिंगर कृष्णकुमार कुन्नथ (केके) की मृत्यु के साथ हृदयाघात (हार्ट अटैक) की बीमारी को लेकर देशभर में व्यापक चर्चा हुई। इससे पूर्व टीवी एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की 41 साल की आयु में हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद इस चर्चा ने जोर पकड़ा था कि युवाओं में दिल से जुड़े रोग किस तरह बढ़ रहे हैं। वर्तमान में भारी भागदौड़ और तनाव भरी अव्यवस्थित, लापरवाह जीवनशैली में हर आयु वर्ग के आदमी को स्वयं को स्वस्थ रखना बड़ी चुनौती का काम है। एक दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में हमने अपना रहन सहन यथा असंतुलित खानपान, सोने-जागने और उठने-बैठने का दैनंदिन क्रम बिगाड़ लिया है, जिसका भारी खामियाजा चुकाना पड़ रहा है।

हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल की बीमारी बच्चे से बुजुर्ग तक किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है। यह प्रमाणित हो चुका है कि तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। वर्तमान जीवनशैली में लोगों में तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो संभव नहीं है लेकिन इससे बचाव ही इसका उपचार है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम अपने दिल की धड़कन को सुनें और इसे सही रखने के लिए तनाव को दूर भगाएं। लाइफ स्टाइल बीमारियों में डायबिटीज, बीपी और हृदयरोग का आधिक्य है।

**हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल की बीमारी बच्चे से बुजुर्ग तक किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है। यह प्रमाणित हो चुका है कि तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। वर्तमान जीवनशैली में लोगों में तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो संभव नहीं है लेकिन इससे बचाव ही इसका उपचार है।**

एक सर्वे में बताया गया है कि विश्व में हर दिन सैकड़ों लोग हृदय संबंधी बीमारियों के चलते अकाल मौत के शिकार हो जाते हैं। तनाव, थकान, प्रदूषण आदि कई ज्ञात अज्ञात कारणों से रक्त का आदान-प्रदान करने वाले इस अति महत्वपूर्ण अंग दिल को अपना काम करने में मुश्किल होती है, इसीलिए विश्व हृदय दिवस जन साधारण में यह भावना जागृत करता है कि वे हृदय की बीमारियों के प्रति सचेत रहें। हमारी 66 साल की जिंदगी में हमारा दिल करीब 2.5 बिलियन बार धड़कता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने दिल का अच्छे से ख्याल रखें। ज्यादा से ज्यादा हंसे और सदा मुस्कुराते रहें। शोध से पता चला है कि अगर आप रोज 15 मिनट भी हसेंगे तो इससे शरीर में खून का प्रवाह 22 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से जारी मार्गदर्शिका के मुताबिक दुनिया में सबसे ज्यादा हृदय रोगी भारत में हैं। देश में सर्वाधिक मौतें भी इस रोग के कारण होती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर 1 लाख जनसंख्या पर 235 लोगों को हृदय रोग होते हैं लेकिन भारत में 272 को यह बीमारी होती है जिसके लिए हर इंसान को काफी सजग रहने की आवश्यकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का कहना है कि अगर इंसान थोड़ी सी अपनी लाइफस्टाइल को चेंज कर ले और नौ तरह से उसका ख्याल रखें तो उसका दिल एकदम फिट रहेगा और उसे किसी दवा की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। दिल तो बहुत कोमल होता है, इसलिए इसे केयर की जरूरत होती है, उसके पास दिमाग तो होता नहीं इसलिए उसका ख्याल आपको ही रखना होगा। अगर आप की उम्र 30 के पार है तो आप अपनी लाइफ में कसरत को जगह दीजिये। कोई जरूरी नहीं कि आप जिम जाएं या फिर दौड़-भाग करें, बस आपको 30 मिनट वॉक की जरूरत है। हेल्दी फूड को अपने मैन्यू चार्ट में शामिल करें। जंक फूड और एल्कोहल का सेवन कम से कम या ना के बराबर करें। हो सके तो घर का खाना खाएं। हफ्ते में एक दिन आप बाहर खाना खा सकते हैं। अपने खाने में मीठी चीजों का इस्तेमाल कम करें, हो सके तो नमक भी कम और हल्का खाएं। रात के भोजन में स्वीट डिश को बॉय-बॉय कर दें तो बेहतर होगा। रात का डिनर हल्का होना चाहिए जबकि ब्रेकफास्ट हैवी हो सकता है। अपने फूड में आप ताजे फलों और सब्जियों को जगह दीजिये। ऑयली फूड से दूर रहिए और अगर आपको मीठी चीज खाने का मन करें तो आप मीठे फल खाइये और टीवी देखते वक्त डिनर ना करें। घर पर धूम्रपान ना करें और ना ही शराब का सेवन करें। ये दोनों ही चीजें हार्ट के लिए घातक हैं। स्मोकिंग जहां सीधे आपके दिल को खराब करती है वहीं एल्कोहल से वजन बढ़ता है जो कि आपके लीवर के लिए सही नहीं है।

अगर आप सीटिंग जॉब वाले इंसान हैं तो ऑफिस में चाय-कॉफी कम ही पीजिये, अगर मन करे तो आप ग्रीन टी और जूस का सेवन करें जो आपको फ्रेश भी करेगा और हेल्दी भी रखेगा। तनावमुक्त जीवन जिएं। तनाव अधिक होने पर योगा करें। टाइम से सोएं और टाइम से जगे और प्रतिदिन तीस मिनट वॉक करें। तीस के पार वाले हर एक इंसान को साल में अपना मेडिकल चेकअप एक बार जरूर कराना चाहिए। इस चेकअप में रक्तचाप, कॉलेस्ट्राल, ग्लोकोज स्तर, वजन और बॉडी मास इंडेक्स का टेस्ट होना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरुवार 21 जुलाई, 2022



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र दिन 2:17 तक, धृति योग दिन 12:19 तक, कौलव करण प्रातः 8:16 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-मीन, शुक्र-मिथुन, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 2:17 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:30 तक, चर 10:52 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:55 तक, शुभ 5:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:49, सूर्यास्त 7:17

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मनोबल ऊंचा रहेगा।

**सिंह**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**धनु**
व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन प्राप्ति में में विलम्ब हो सकता है। धन हानि का भय बना रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
घर-परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में आवश्यक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में सुख-सुविधा पर धन खर्च हो सकता है।

**वृश्चिक**
व्यक्तिगत परेशानियों और विवादों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। धन प्राप्त होगा।

**मीन**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

# राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति की विशिष्ट पहचान है पाग-पगड़ियां

संस्कृति, संस्कार एवं परम्परा के परिचायक होते हैं परिधान वहीं प्रतिष्ठा एवं मान-मर्यादा की पहचान होती हैं पाग-पगड़ियां। 'प' का अर्थ है प्रतिष्ठा और 'गड़ी' का अर्थ है जमे रहना। अर्थात् जहां प्रतिष्ठा है वहीं पगड़ी है। पाग-पगडियां परिधान की गौरवशाली परम्परा है। भारतीय संस्कृति में सिर को अच्छादित करना प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। शूरवीर योद्धा की पाग हो अथवा युद्ध क्षेत्र में वीरता का प्रदर्शन करते कर्मवीर का कनटोप। शिरोस्त्राण का अर्थ सिर की शोभा तथा असामान्य तापमान से सुरक्षा के अलावा पाग-पगड़ी प्रतिष्ठा, स्वाभिमान, मान-सम्मान, गौरव और शौर्य की प्रतीक है। धार्मिक अनुष्ठान या शुभ कार्य सम्पन्न करने में पूजा अर्चना के समय सिर पर शिरोस्त्राण आवश्यक रूप से धारण किया जाता है।

पाग लम्बी है तो पाग और छोटी हो तो पगड़ी कहलाती है। अधिकतम लम्बी पाग 12 गज से 24 गज तक की होती है। आम बोल-चाल की भाषा में पाग के अनेक नाम हैं जैसे- पोतियो, साफा, पगड़ी, पाग, फालियो, धूमालो, फेंटो, सेलो, लपेटो, शिरोस्त्राण, अमलो, पोमचा, मोठड़ा, पंचरंगी आदि। राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति की विशिष्ट पहचान है पाग-पगड़ियां। उदयपुर की अमराव पाग, जयपुर का शाही साफा, जोधपुर का जसवन्त शाही पेच, सामोद कलकत्ती, टोंकी, धौलपुरी, बाड़मेरी, जालौरी, जैसलमेरी, मालाणी, ढूंढाडी आदि अनेक रूपों में प्रचलित है ये पाग पगडियां।

प्राचीन समय में मारवाड़ में सवा सेर सूत की पाग बांधने की प्रथा थी। ऐसी मान्यता है कि 12 कोस पर भाषा, अन्न और जल के साथ-साथ पाग के पेच, रंग, पेच की कसावट और कपड़े के स्तर बदल जाते हैं। इन्हीं के आधार पर पहचान होती है यहां की रंग-बिरंगी संस्कृति की। पाग बांधने का अर्थ सिर की शोभा बढ़ाना नहीं बल्कि पाग बांधने की कला इसकी विशिष्टता है। पाग के कलात्मक पेच और इसकी कसावट समाज में व्यक्ति की मान, प्रतिष्ठा, शौर्य, मर्यादा तथा स्वाभिमान के मानदण्ड हैं।

राजस्थान में ऋतुओं के आधार पर पागों का रंग निर्धारित है। बसंत में गुलाबी, फूल गुलाबी तथा लहरिया जिसमें रंगों की धारियां तथा हल्के छींटे लगे होते हैं। वर्षा ऋतु में मलियागिरी अर्थात जिसका रंग लाल चंदन जैसा होता है। पाग में कभी-कभी चंदन का इत्र भी लगाया जाता है जो सावन की बयार के साथ चहूं ओर महकता है। शरद ऋतु में गुल-ए-अनार रंग की पाग का प्रचलन है।राजस्थान में संस्कृति, वर्ण-धर्म के अलावा जाति विशेष पाग प्रथा से जुड़े हुए हैं जिनके रंग, पेच एवं कसावट की अलग-अलग किस्में हैं। विश्नोई जाति के लोग सदैव श्वेत साफा बांधते हैं, जबकि रेबारी 'लाल टूल' का साफा बांधते हैं। लंगा, मांगणियार, कालबेलिया प्रायः रंगी छापल डब्बीदार भांत वाले साफे बांधते हैं। कुम्हार, माली तथा व्यापारी अक्सर लाल गुलाबी, केसरिया व जवाई रंगों का साफा बांधते हैं। उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर आदि राज परिवारों में तुर्रा-कलंगी तथा मोतियों से बनी बहुमूल्य चित्ताकर्षक पाग-पगड़ियां सामन्ती व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ती है। मेवाड़ क्षेत्र में कलंगी और पछेवड़ी के बिना शाही व्यक्तित्व ही अधूरा माना जाता है। रियासती काल में महाराणा के उमराव और जमींदार जो पाग बांधते थे उनमें दो पट्टियाँ उनकी हैसियत की सूचक होती थीं। सोलह उमरावों की अलग-अलग शैली में पट्टियों की संख्या में घट-बढ़ की जाती थी। उदयपुर की अमरशाही पाग के रोचक प्रसंगानुसार यदि पिता के जीवित रहते उसका पुत्र यह पाग धारण कर ले तो उसे विद्रोही माना जाता था। छह मीटर लम्बी, कड़ी रस्सी की तरह इमली गूंथ में कसी यह पाग तलवार के वार से भी नहीं कटती है, यह पाग ऐसा सुरक्षा कवच है। पाग-पगड़ी परंपरा प्रदेश वासियों की उत्कृष्ट संस्कृति की परिचायक है वहीं पाग परिवार में समय-समय पर रंगों के माध्यम से अपने सुख-दुःख की कहानी कहती है। शोक के समय मृतक के निकटवर्ती परिजन श्वेत पाग, तीये अथवा उठावणा पर गुलाबी, चंदेरी, सोसमी, खाकी, भूरी या काली रंग की पाग पहनते हैं। विवाहोत्सव पर केसरिया या लाल चूनर, राखी पर बहन द्वारा मोठड़ा और होली पर फागणिया बांधने का प्रचलन है। पाग प्रतिष्ठा एवं सम्मान की प्रतीक है। पगड़ी को ठोकर मारना, लांघना या नीचे रखने का अर्थ है पाग बांधने वाले व्यक्ति का अपमान करना। प्रदेश में पगड़ी बदल भाई बनाने का भी चलन रहा है। पहले अतिथि के समक्ष नंगे सिर आना अपमानजनक एवं अशुभ माना जाता था। युद्धस्थल से मात्र योद्धा की पगड़ी लौटकर आना रणभूमि में योद्धा के बलिदान की सूचना होती थी। जहां पगड़ी को छीनकर हथिया लेना विजय सूचक था वहीं पगड़ी का शत्रु के हाथ लग जाना अपमानजनक था।



पन्नालाल मेघवाल

- **धार्मिक अनुष्ठान या पूजा अर्चना के समय सिर पर शिरोस्त्राण धारण किया जाता है**
- **पाग के अनेक नाम हैं जैसे पोतियो, साफा, पगड़ी, पाग, फालियो, धूमालो, फेंटो, सेलो, लपेटो, शिरोस्त्राण, अमलो, पोमचा, मोठड़ा, पंचरंगी आदि**

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

## बेटी के जन्म पर अस्पताल में पौधारोपण

**झुंझुनूं,** (निसं)। बेटी के जन्म पर चिकित्सक दंपत्ति डॉ. मनीषा चौधरी एवं डॉ. संजय फांडी ने बीडीके अस्पताल में 200 के करीब पौधे लगाए। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में सघन पौधारोपण अभियान के तहत 200 पौधे लगाए गए। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा चौधरी एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय फांडी ने बेटी धुव्रिका एवं सनाया के जन्म होने पर दशोठण के समय वर्षा ऋतु में पौधारोपण का सकंल्प लिया था। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय फांडी ने बताया कि बेटी के जन्म के उपलक्ष में पौधारोपण के संकल्प को पूर्ण करने के लिए जिले के सबसे बड़े चिकित्सा सेवा के केंद्र बीडीके अस्पताल सबसे उपयुक्त स्थान लगा है।

# मिस रूबल शेखावत फर्स्ट रनर अप फेमिना ने आर्मी पब्लिक स्कूल का दौरा किया

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। मिस रूबल शेखावत फर्स्ट रनर अप फेमिना मिस इंडिया 2022 ने बुधवार को आर्मी पब्लिक स्कूल का दौरा किया।

आर्मी पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के छात्रों और कर्मचारियों ने मिस रूबल शेखावत का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया। मिस गायत्री कुलश्रेष्ठ, प्रिंसिपल आर्मी पब्लिक स्कूल जयपुर ने उन्हें केक काटने के बाद एक गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट किया। मिस रूबल ने छात्रों को संबोधित करते हुए, उन्होंने अपने छात्र जीवन के सुनहरे पलों को याद किया जब उन्हें 'मिस आर्मी पब्लिक स्कूल जयपुर 2015' के रूप में भी चुना गया था। उन्होंने छात्रों को हमेशा ध्यान केंद्रित करने और अपने करियर के हर स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मिस रूबल शेखावत जयपुर की रहने वाली हैं और वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। वह सशस्त्र सेना परिवार से आती है और उनके पिता वर्तमान में श्रीनगर में तैनात हैं।



आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल और छात्राओं के संग मिस रूबल शेखावत फर्स्ट रनर अप फेमिना

## कॉलोनीवासियों ने 50 हजार रुपए इकट्ठे कर बनाई सड़क



किशनगढ़ बास में गंज रोड पर कॉलोनी वासियों ने नालों का पानी भरने पर सड़क को ऊंचा किया।

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर के गंज रोड पर ओमशांति कॉलोनी के लोगों ने नगरपालिका अधिकारियों की हठधर्मिता के आगे नतमस्तक करते हुए मकानों के सामने भरे रहने वाले गंदे पानी से निजात पाने के लिए खुद के पैसों से सड़क का निर्माण कराया।
गंज रोड के लोगों ने विधायक को कहा, चेयरमैन को बोला, प्रभारी मंत्री बीडी कल्ला से शिकायत की। पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल ने कई बार एसडीम पालिका अधिकारी को लिखित में शिकायत दी। लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मजबूर होकर कॉलोनी वासियों ने आपस में करीब 50 हजार रुपए इकट्ठे कर गंदे नाले के पानी को सड़क पर आने से रोकने के लिए सड़क को ऊंचा उठाया है।

# बीगोद के हाजी आरिफ़ ने मक्का में फहराया तिरंगा

**मांडलगढ़ ,** (निसं)। मांडलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के बीगोद कस्बा निवासी मोहम्मद आरिफ मीर अभी हज यात्रा पर मक्का मदीना में हैं। जहां हिंदुस्तान का तिरंगा लहराकर देश भक्ति की मिसाल पेश की तथा भारत में उन्नति और अमन चैन की दुआ मांगी।

हाजी आरिफ मीर के बड़े भाई मुबारिक पेंटर ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई आरिफ 10 जून को हिंदुस्तान से हज के सफर के लिए मदीना रवाना हुआ था। वहाँ से मक्का, मीना, अराफात, मुजदल्फा से हज को मुकम्मल कर खुदा के घर खाना ए काबा के सामने लाखों हाजियों के बीच अपने वतन हिंदोस्तान का राष्ट्रीय ध्वज लहराया ओर अपने शहर, वतन की उन्नति, अमन चैन, भाईचारे व सबकी तरक्की की दुआ मांगी। हाजी आरिफ ने अपने संदेश में लिखा कि मक्का मदीना में खुशहाली के साथ हज के अरकान मुकम्मल किए है और भारत के राष्ट्रीय ध्वज को लहरा फक्र महसूस किया है। मोहम्मद आरिफ़ मीर अपने वतन भारत में 24 जुलाई को फ्लाइट से लौटेंगे। इस बार भीलवाड़ा जिले से करीब 123 यात्री हज यात्रा पर उनके ग्रुप में शामिल है।



भारतीय तिरंगे के साथ हाजी आरिफ़।

# सरकारी स्कूल भवन के जर्जर हालात, छात्राओं ने प्रदर्शन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा में कभी अध्यापकों की कमी तो कभी जर्जर स्कूल भवन के कारण बच्चे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। बुधवार को भी ऐसा ही एक मामला शहर के उपनगर पूर्व में सामने आया जहां स्कूल के जर्जर भवन और इस मौसम में टपकते पानी के कारण परेशान छात्राओं ने सड़क पर उतरकर स्कूल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। समर्थन में आए एबीवीपी के चार छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

जानकारी के अनुसार छात्राओं का कहना था कि बारिश में जर्जर स्कूल के इस भवन में बैठना मुश्किल हो रहा है। स्कूल में ना तो शौचालय है और ना ही भवन की मरम्मत को लेकर स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई व्यवस्था की जा रही है। इसी से आक्रोशित होकर छात्राओं ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। आंदोलन की सूचना पर एबीवीपी के चार कार्यकर्ता भीलवाड़ा महानगर मंत्री हर्षित शर्मा, एमएलबी कॉलेज इकाई के अध्यक्ष धमल शर्मा, चंद्रशेखर नगर सहमंत्री अभिषेक जोशी और महानगर सह मंत्री सूर्य देव शक्तावत मौके पर पहुंचे और छात्राओं के आंदोलन को समर्थन देते हुए स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी।

हंगामे की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और काफी देर तक समझाइश का प्रयास किया लेकिन एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों पर रहने के चलते पुलिस ने चारों युवा नेताओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आक्रोशित छात्र-छात्राओं से समझाइश कर मामला शांत करवाया है।



भीलवाड़ा के उपनगर पूर्व में परेशान छात्राओं ने स्कूल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी की।

- **जर्जर भवन और टपकते पानी से परेशान छात्राएं सड़क पर उतरी**

## हादसे में तीन जने घायल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। राजकीय महाविद्यालय में बीएससी फाइनल की परीक्षा देकर भाई के साथ स्कूटी से लौटते समय बाईपास स्थित हनुमान जी मंदिर के पास स्कूटी बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें दानों भाई-गहिनों सहित 3 जने घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बहन को परीक्षा दिलाकर भाई स्कूटी से घर जा रहा था। वहीं बाइक सवार राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा देने जा रहा था।

अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ जेपी मीणा ने बताया कि बुधवार को मंडावरा निवासी 19 वर्षीय कुलवेंद्र सिंह पुत्र हमेंद्रसिंह स्कूटी लेकर राजकीय महाविद्यालय में बीएससी फाइनल की परीक्षा दे रही बहन सोनम कुमारी को घर ले जा रहा था। तभी बाईपास स्थित हनुमानजी मंदिर के पास सामने से आशीष पुत्र मानसिंह मीणा बाइक लेकर आ रहा था। तभी मोटरसाकिल व स्कूटी में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी पर सवार दानों भई-बहिन व मोटरसाकिल पर सवार युवक आशीष घायन हो गया। घयलों को मौके पर मौजूद लोगों ने उपचार के लिएशहर के मोहन नगर स्थित राजकीय अस्प्ताल में भर्ती कराया जहां उनका ईलाज चल रहा है।

# असंतुलित हुई बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.) श्रीमहावीरजी थाना क्षेत्र के खेरिया मोड़ कजानीपुर के पास बुधवार को किसी वाहन की टक्कर से एक बाइक अनियंत्रित होने के बाद पेड़ से जा टकराई। जिसमें बाइक चालक मजदूर की मौत हो गई, वहीं बाइक पर सवार उसका चचेरा भाई काफी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। जहां से घायलों को उपचार के लिए तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। जिनमें से एक जने को चिकित्सकों ने जांच के बद मृत घोषित कर दिया।

मृतक के बड़े भाई समयसिंह जाटव की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट लिखा है कि उसका भाई अशोक जाटव एवं प्रेम सिंह दोनों मोटरसाकिल से कजानीपुर गांव के मजदूरी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान खेरिया मोड़ कजानीपुर के पास किसी वाहर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मोटरसाइकिल वे दोनों जने घायल हो गये। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना 108 एम्बूलैंस को दी जिसके बाद एम्बूलैंस से उन्हें शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल पंहुचाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने अशोक जाटव पुत्र लक्ष्मण जाटव 25 वर्ष को मृत घोषित कर दिया वहीं उसका चचेरा भाई प्रेमसिंह को घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। इसी के साथ मामले की सूचना श्रीमहावीरजी पुलिस को दी गई। श्रीमहावीरजी पुलिस के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू हुई। मेडिकल जूरिस्ट रामनरेश कुम्भकार ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



हादसे के बाद पुलिस ने हास्पिटल में पंचनामा तैयार किया।

## करंट लगने से महिला की मौत

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.) नई मंडी थाना क्षेत्र के शहदगी का पुरा में बुधवार को सुबह करीब 7 बजे एक महिला मकान के पास खेत की तारबंदी पर कपड़े सुखा रही थी। तभी तारबंदी में करंट आ गया जिससे महिला बेहोश हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति बालकिशन जाटव में नई मंडी थाना पुलिस को एक लिखित रिपोर्ट देखते हुए अवगत कराया कि उसकी पत्नी मलुआ देवी सुबह 7 बजे धुले हुए कपड़े सुखाने के लिए घर के बाहर आई। बताया जा रहा है कि इस दौरान पडौस के ही खेत की मेढ पर लगी तारबंदी पर वह कपडे सुखाने लग गई। जैसे ही महिला ने उस तारबंदी पर गीले कपडे डाले तो तारबंदी में करंट दौडने के कारण वह करंट की चपेट में आ गई। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने पड़ोस के खेत के मालिक पर बिजली लाइन से जंपर डालकर विद्युत चोरी करता है जिसके कारण हादसा हुआ है। पडौसी खेत के मालिक पर मामले में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर नई मंडी थाना अधिकारी गिर्राज प्रसाद ने लिखित शिकायत मिलने के बाद कार्यवाही शुरू कर दी है।

### सार-समाचार

## टेबल टेनिस एसोसिएशन की बैठक हुई




**करौली** (नि.स.)। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक एक होटल में आयोजित हुई। जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर मुकेश चंद गुप्ता एवं सचिव पद पर कन्हैया लाल शर्मा तथा कोषाध्यक्ष के पद पर रामहरि गुर्जर को कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने निर्विरोध निर्वाचित किया बैठक के दौरान कार्यकारिणी के चुनाव कराने हेतु राजस्थान टेबल टेनिस संघ के पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह गुर्जर,चुनाव अधिकारी योगेंद्र सिंह राजावत की उपस्थिति में संपन्न हुआ संघ के सभी पदों पर चुनाव अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

## शर्मा ने भगवान के दर्शन किए

**करौली** (नि.स.)। देवस्थान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एसडी शर्मा ने कैलादेवी व करौली में मदनमोहनजी भगवान के दर्शन कर प्रदेश में अमन चैन की कामना की। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के लोगो ने उनका माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया एसडी शर्मा करौली में एक छप्पन भोग कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। इस मौके पर सुरेन्द्र शर्मा,सुरजीत शर्मा,गजेन्द्र भारद्वाज,अखिलेश लवानिया,बनवारी हरदैनिया,केशव भारद्वाज,प्रवीण शर्मा सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# बसेड़ी नादनपुर में मंगल पांडे को श्रद्धा से याद किया



बसेड़ी नादनपुर में मंगल पांडे की जयंती मनाई। इस मौके पर बजरंग दल के आकाश शर्मा (दाएं से पांचवे) आदि मौजूद थे।

**धौलपुर**। प्रखंड बसेड़ी नादनपुर में आज मंगल पांडे की जयंती मनाई।

इस मौके पर उपस्थित आकाश शर्मा बजरंग दल खंड संयोजक ने बताया मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

इनके पिता का नाम दिवाकर पांडे और माता का नाम अभय रानी था। इस मौके पर प्रशांत गिरी गोस्वामी, भारत परमार, प्रवीण शर्मा, सुनील परमार, लव कुश शर्मा, भोलू शर्मा, सचिन शर्मा संदीप शर्मा गौरव परमार डॉक्टर देवेंद्र कुमार मोहित शर्मा अमित राज भविष्य शर्मा सूरज गोस्वामी मंगल परमार आदि मौजूद थे।

## रोडवेज की बस नहीं चलने से ग्रामीणों में रोष

**मासलपुर** (निंसं.) मासलपुर से जयपुर के लिए निगम की बसों के संचालन ना होने से कस्बा सहित सैकड़ों गांवों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस संचालन नहीं होने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है जिसको लेकर ग्रामीणों की ओर से बुधवार को जिला कलेक्टर एवं परिवहन मंत्री सहित रोडवेज आगार प्रबंधक हिण्डौन को ज्ञापन भेजे गए हैं।

ग्रामीण विष्णु चन्द सैन, राधेश्याम, सदन, प्रकाश कौशिक, महेश, देवीचरण, रामपति आदि लोगों ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में कस्बे से दिल्ली,जयपुर के लिए निगम की बसें संचालित थी। जिन्हें दशक वर्षों पूर्व बंद कर दिया गया कस्बे एवं उससे जुड़े सैकड़ों गांवों की समस्या को देखते हुए तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा विगत 4 माह पूर्व कस्बे से जयपुर के लिए निगम की बस शुरू करवाई गई थी मगर उक्त बस भी मात्र 10 से 15 दिन अपनी सेवा देकर बंद कर दी गई। जिससे ग्रामीणों की समस्या जस की तस हो गई इस दौरान ग्रामीणों ने निगम कार्मिकों की निजी बस संचालकों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बस संचालन बंद किए जाने की बात कही है ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे में पंचायत समिति,तहसील मुख्यालय सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित हैं। तहसील मुख्यालय से सैकड़ों गांव जुड़े हुए हैं।

# जिला कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए हुई रायशुमारी



करौली जिला कांग्रेस के संगठन चुनाव के लिए नियुक्त जोगीराज सिंह (बाएं से दूसरे) ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों से रायशुमारी की।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली के चुनाव प्राधिकरण की ओर से करौली जिला कांग्रेस के संगठन चुनाव हेतु नियुक्त डीआरओ जोगीराज सिंह ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों से रायशुमारी की। सेवादल कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह बेनीवाल ने बताया कि जिले के संगठन चुनाव हेतु पधारे डीआरओ जोगीराज सिंह ने यहां हिंडौन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कांग्रेस पदाधिकारियों से जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव हेतु रायशुमारी की। इस अवसर पर संगठन के जिला निर्वाचन अधिकारी योगीराज सिंह ने कहा कि राजस्थान में अगले साल होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार जाटव ने बताया कि हिंडौन क्षेत्र कांग्रेस विचारधारा को समर्थन करने वाले मतदाताओं का बहुमत है। संगठन और सत्ता का बेहतर समन्वय बना हुआ है। इस अवसर पर देहात कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी, शहर ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष नरेश सिंह गुर्जर, नगर परिषद के पूर्व उपसभापति नफीस अहमद आदि मौजूद थे।

## 'हिंदू विरोधी कांग्रेस सरकार इस्तीफा दे'

**भरतपुर**। ब्रज क्षेत्र के पर्वतों पर खनन के विरोध में आंदोलन कर रहे संतो में से एक संत विजय दास ने खनन से दुखी होकर किए गए आत्मदाह पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के , प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा,प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह जाटव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं जिला अध्यक्ष डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि भरतपुर जिले की डीग कामां तहसील का इलाका चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में पड़ता है यह धार्मिक आस्था से जुड़ी जगह है यहां हिंदू धर्म के लोग परिक्रमा करते हैं इसलिए यहां वैध और अवैध दोनों तरह के खनन बंद होने चाहिए इसी मांग को लेकर 551 दिन से साधु संत आंदोलन कर रहे थे और जब इनकी मांग का कोई असर सरकार पर नहीं पड़ा तो इससे दुखी होकर बाबा विजय दास ने केरोसिन डालकर आग लगा ली जिससे वह 80 जल गये। साधु संतों को इस तरह का कदम उठाना पड़े सरकार के लिये यह बहुत ही शर्म की बात है ।कांठोस की गहलोत सरकार हिंदू विरोधी सरकार है ।संवेदनहीन सरकार और उसके अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों की पालना नहीं कर रहे। सरकार के एक मंत्री सरकार के लिए अलायमेन्ट फेल होने की बात करता है हमें लगता है कि सरकार का चेसिस ही खराब हो गया है।

# पौराणिक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोहा

**गंगापुर सिटी**। वजीरपुर तहसील क्षेत्र के समीपवर्ती गांव रेडयाल गुर्जर में शिवचरण मावई गवैया एवं धारा मावई और ग्रामीणों के सहयोग से विशाल कन्हैया दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यत्र्क्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर रहें।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर का गांव के पंच पटेलों ने संयुक्त रूप से माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। कन्हैया दंगल कार्यत्र्क्रम में 7 कन्हैया गायन पार्टियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चांदनगांव, निसूरा, भोजपुर, खैरक, रिजवास, मठ और खानाका की पार्टियों ने धार्मिक कथाओं की प्रस्तुति दी। चांदन गांव की पार्टी ने भगवान देव के बखान की कथा, निसूरा ने 24 बगडावतो की कथा, भोजपुर ने माता साडू की तपस्या की कथा, मठ ने भगवान देवनारायण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

कन्हैया दंगल कार्यक्रम सुनने के लिए हजारों की संख्या में भीड का जनसैलाब उमड पडा। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मान सिंह गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कन्हैया दंगल जैसे कार्यक्रम हमारे समाज के पारम्परिक इतिहास के गवाह हैं, हमारे संस्कृति के प्रतीक हैं, इन आयोजनों से आपसी भाईचारा और सद्भावना का विकास होता है। पारस्परिक सद्भाव एवं समरसता को बढावा देने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहना बेहद जरूरी हैं।

## लाइटें प्रभावशाली लोगों के लगाने की चर्चा

**करौली** (निंसं.) करौली के अस्पताल मार्ग स्थित गौरव पथ पर रोशनी के लिए लगी एलईडी लाइटों को खोल कर अधिकारियों और प्रभावशालीओ के यहां लगाकर अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों को खुश किया। इधर आम जन की रहा में अंधेरा छा गया।

जिला मुख्यालय स्थित शहर के प्रमुख सड़क गौरव पथ पर रोशनी के लिए गुलाब बाग से लेकर हिण्डौन गेट तक प्रत्येक पोल पर एलईडी लाईटे लगी हुई थी। लेकिन नगर परिषद प्रशासन के कर्मचारियों ने इन दिनों उनको खोलकर अन्यत्र लगा दिया गया।

इधर शहर के प्रमुख सड़क मार्ग गौरव पथ पर अंधेरा छा गया। जिससे आवागमन में रास्ते पर रात भर अंधेरा छाया रहता है। यहां दुर्घटना होने को अंदेशा बरकरार रहता है।

# शिविरों में 11 लाभार्थियों को पट्टे बांटे




करौली नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा (बीच में), उपजिला कलेक्टर अमित वर्मा ने लाभार्थीयों को पट्टे वितरण किये।

**करौली** (नि.स.)। प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे शिविरों में 11 लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया।

करौली नगर परिषद के आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि बुधवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में वार्ड संख्या 3 एवं 4 के शिविरों का आयोजन किया गया उप जिला कलेक्टर के निर्देशन में कुल 11 पट्टों का वितरण किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा,परिषद के आयुक्त नरसी मीणा आदि मौजूद थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना** **सिविल इंजीनियरिंग** **कोटा मंडल**

**संख्या: डब्ल्यू/623/15 दिनांक: 18.07.2022**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर संख्या- 132/2022, कार्य का विवरण-** कोटा चित्तौड़गढ सेक्शन - लेफ्ट ओवर वर्क फोर इम्प्रूवमेंट टू ड्रेनेज अरेंजमेंट ऑफ एल.एच.एस. इन ल्यु ऑफ एल.सी. नं. 03, 10 एंड 18 बाई प्रोवाइडिंग सम्प एण्ड क्रास ड्रेन एटसेक्ट्रा अण्डर द जुरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन/सी/कोटा। **अनुमानित लागत- 4828660.04, बयाना राशि- 96600.00, टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय- 05.08.2022 को 15:30 बजे, टेण्डर संख्या- 133/2022R, कार्य का विवरण-** कोटा डिविजन - एक्सटेंशन ऑफ एक्जिस्टिंग 4 व्हीलर टॉवर वेगन शेड इनटु 8 व्हीलर इन कनेक्शन विद रेंजिंग स्पीड टु 160 केएमपीएच ऑन न्यु दिल्ली मथुरा रूट एट भरतपुर, हिण्डौन, गंगापुर, लाखेरी, एण्ड विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन। **अनुमानित लागत- 9417542.32, बयाना राशि- 188400.00, टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय- 05.08.2022 को 15:30 बजे, टेण्डर संख्या- 134/2022R, कार्य का विवरण-** कोटा - मेंटेनंस ऑफ लॉन एण्ड हेजेज इन आफिसर्स बंगलो, स्टेशन एण्ड सरकूलेटिंग एरिया, रेलवे हॉस्पिटल एण्ड पार्क एटसेक्ट्रा (फोर 2 ईयर)। **अनुमानित लागत- 7160796.09, बयाना राशि- 143200.00, टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय-** 05.08.2022 को 15:30 बजे, पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**वरि. मंडल इंजीनियर समन्वय, पमरे, कोटा**


कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना


## राजा खेमकरण श्रद्धांजलि अर्पित

**भरतपुर** (निसं)। वीर योद्धा राजा खेमकरण सोगरिया की 269 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज जिला जाट महासभा के तत्वाधान में सर छोटूराम पशुधन सहायक प्रषिक्षण संस्थान पर जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह कुन्तल की अध्यक्षता में व इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में भरतपुर राज्य की स्थापना में राजा खेमकरण सोगरिया का योगदान विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

राजा खेमकरण सोगरिया की पुण्यतिथि की पूर्व सन्ध्या पर आयोजित गोश्ठी को सम्बोधित करते हुए वरिश्ठ इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा ने कहा कि खेमकरण ने तलवार की धार पर निजबल से विधर्मियों से ब्रज क्षेत्र की बहिन-बेटियों के सतीत्व की रक्षा व हिन्दू धर्म को बचाने के लिये मुगल सल्तनत से लम्बा संघर्श किया। ब्रज के जाट जब सम्राट क्रूर अत्याचारी औरंगजेब से सषस्त्र संघर्श कर रहे थे, तब राजाराम व खेमकरण सोगरिया स्वतन्त्र भरतपुर जाट राज्य की स्थापना हेतु अपना खून बहा रहे थे।

# बैंक का स्थापना दिवस मनाया




'आजादी का अमृत महोत्सव' अभियान के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा भरतपुर की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख शिव राम मीणा (बीच में) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली गई।

**भरतपुर** (निसं)। बैंक ऑफ बड़ौदा के 115 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' अभियान के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा भरतपुर द्वारा, क्षेत्रीय प्रमुख शिव राम मीणा के नेतृत्व में भरतपुर शहर में प्रातःकाल एक पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली गई। रैली, बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय, काली की बगीची से शुरू होकर निमदा गेट, नुमाइश रोड, कृषि उपज मंडी, नई मंडी एवं बृज औद्योगिक क्षेत्र होते हुए 'अपना घर', भरतपुर तक गई जहां अपना घर विद्यालय परिसर में क्षेत्रीय प्रमुख एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यकृम के तहत 115 वृक्ष लगाकर संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय प्रमुख मनोज कुमार तिवारी, क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रबन्धक त्रिभुवन मीणा, सहित भरतपुर शहर केसभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इसी श्रंखला में को बैंक ऑफ बड़ौदा की नुमाइश रोड शाखा द्वारा वित्तीय जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से एक नुक्कण नाटक तथा क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। साथ ही इस अवसर पर बैंक की धौलपुर, करौली, बृज औध्योगिक क्षेत्र, धौलपुर शहर, हिण्डौन, कोटरी आदि शाखाओं द्वारा कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में पंखे,वाटर कूलर, एवं आर. ओ. आदि भेंट किए गए।

## ब्रज चौरासी कोस की यात्रा 17 को

**गंगापुर सिटी**। श्री गोवर्धन सेवा समिति की बैठक नई अनाज मंडी में सुरेश चंद सिंघल पूर्व चेयरमैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के कार्यकारिणी सदस्य विजय गोयल ने बताया की श्री गोवर्धन सेवा समिति की मीटिंग में गोवर्धन धर्मशाला को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।मिटींग में गुरु पूर्णिमा के चार दिवसीय भंडारा का हिसाब संयोजक महेश पत्तल ने पेश किया। जिसमें स्टाफ, कैमरे एवं रूम की बेहतर व्यवस्था के साथ ब्रज चौरासी कोस की यात्रा को लेकर चर्चा की गई। ब्रज चौरासी कोस की अष्टम यात्रा संस्था द्वारा बनाए गए सभी आवश्यक नियम पालन करते हुए वाहनों से करवायी जावेगी। सहयोग के लिए मदनगोपाल बैग, महेश पत्तल,मोहन कुनकटा, विजय गोयल प्रमोद मोदी, लक्ष्मीनारायण प्रोपर्टी को व्यवस्थापक मंडल में लिया है। यात्रा 17 अगस्त 2022 बुधवार को दोपहर 2 बजे फोर व्हीलर वाहनो से गोवर्धन धर्मशाला के लिए रवाना की जाएगी।

## कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

क्रमांक:-न.प.हि./6006 दिनांक: 20.07.2022

### आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित आवेदक ने अपनी खातेदारी की भूमि में से जरिये इकरारनामा द्वारा भूमि का क्रेताओं द्वारा निम्नांकित वर्णित भूमि का 90ए/90बी का आवासीय/व्यवसायिक दुकान का पट्टा चाहा गया हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (वर्गगज में) | राजस्व गांव/कस्बा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री देशराज सिंह गुर्जर पुत्र श्री गोविन्द सिंह गुर्जर निवासी बडी बाखर हिण्डौन सिटी। | 2288 | 52.77 | हिण्डौन |
| 2. | श्री उपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री केदार लाल शर्मा निवासी महावर कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 2278 | 198.61 | हिण्डौन |
| 3. | श्रीमति शारदा देवी पत्नी श्री लखन लाल निवासी महावर कॉलोनी हिण्डौन सिटी। | 2278 | 198.61 | हिण्डौन |
| 4. | श्रीमति वर्षा शर्मा पत्नी श्री उपेन्द्र शर्मा निवासी वर्धमान नगर हिण्डौन सिटी। | 2170 | 202.66 | हिण्डौन |

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बर में पट्टा जारी करने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 05 (पांच) दिवस में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। अन्दर अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके पश्चात कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जावेगी। सूचित रहें।

**आयुक्त**
**नगर परिषद, हिण्डौन**

# तेज बारिश से झुंझुनूं शहर पानी-पानी

## सुलताना कस्बे में भारी बारिश के बाद घरों में पानी भर गया



झुंझुनूं में मूसलाधार तेज बारिश से शहर लबालब हो गया। बुधवार को दोपहर बाद शहर समेत अन्य इलाकों में तेज बारिश हुई। करीब दो घंटे से अधिक चली बारिश से पानी पानी हो गया। शहर में सड़कें पानी से भर गई तो वहीं नाले अवरूद्ध हो गए। इससे हालात और अधिक बिगड़ गए। बारिश में पानी का बहाव इतना तेज रहा कि बाइक समेत अन्य छोटे वाहन तैरने लगे। इससे राहगीरों को खासी परेशानी हुई।



चिड़ावा के सुलताना कस्बे में भारी बारिश से हालात चिंताजनक है। कस्बे में मुख्य बस स्टैंड, हाथी सिंह स्मारक, चनाना रोड, किशोरपुरा रोड, बालिका स्कूल, चिड़ावा आदि, बाईपास आदि सहित कस्बे के काफी गलियारे जलमग्न हो गए। काफी दुकानों में पानी भर जाने से दुकानों में रखा सामान भी खराब हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की मांग की है। इधर सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने पटवारी से रिपोर्ट मांगी है।

# अलवर शहर व बहरोड़ में बुधवार तड़के अच्छी बारिश

■ 44 मिमी बारिश से सड़कें लबालब

**अलवर, (निसं)।** कई दिनों के बाद अलवर शहर व बहरोड़ में बुधवार तड़के अच्छी बारिश हुई है। शहर में करीब 44 व बहरोड में 47 मिमी बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है वहीं सड़के लबालब हो गई।

वहीं कुछ अन्य जगहों पर भी हल्की बारिश है। पिछले कई दिनों से जिले में बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी का असर ज्यादा रहा। अब बारिश के बाद गर्मी से कुछ राहत मिली है। हालांकि बारिश से बांधों में पानी की आवक नहीं है। अब भी जिले के चार बांधों को छोड़कर बाकी सब सूखे हैं। इस बारिश में पानी ज्याादा नहीं आया है। सावन का महीना शुरू होने के बाद अलवर में बारिश कमजोर है। हालांकि प्री मानसून ने अलवर में अच्छी दस्तक दी थी।

# बुधवार शाम चिड़ावा में झमाझम बारिश

■ शहर के दर्जनों निचले इलाकों में भरा पानी

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर में कल की भयंकर उमस के बाद आखिर मानसून कुछ दी पहले जोरदार बारिश का दौर शुरू हुआ। वहीं शहर में स्टेशन रोड, एसडीएम ऑफिस के पास, गौशाला रोड, केडिया गेस्ट हाउस के पास, डोबी इलाका, झुंझुनूं रोड, मंड्रेला रोड, पिलानी रोड, गढ़ वाला बालाजी के पास, गांधीचौक, बागर आदि इलाकों में बारिश का पानी इकट्ठा हो गया। ऐसे में वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सहायक लेखाधिकारी पांच हजार रूपए घूस लेते गिरफ्तार

■ आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी

**जोधपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को कार्यालय उपनिदेशक क्षेत्रीय निकाय विभाग जोधपुर के सहायक लेखाधिकारी को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अब उसके घर और ठिकानों पर एसीबी की तरफ से तलाशी ली जा रही है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी के रिश्तेदार की पेंशन कागजात बनाने की एवज में दिनेश कुमार सोनी सहायक लेखाधिकारी-प्रथम, कार्यालय उपनिदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग, जोधपुर द्वारा 5 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जोधपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन के बाद आज पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव एवं टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही की गई। दिनेश कुमार सोनी हाल सहायक लेखाधिकारी प्रथम, कार्यालय उपनिदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग, जोधपुर को परिवादी से 5 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है।

## स्टेनो अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच 5 को

**अजमेर, (कासं)।** सीधी भर्ती परीक्षा 2018 में चयनित स्टेनो अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच का कार्य 5 अगस्त को राजस्व मंडल कार्याल य में किया जाएगा। राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि राजस्व मंडल में प्रशासनिक सुधार विभाग जयपुर की ओर से स्टेनो पद पर नियुक्ति के लि ए 30 अभ्यर्थियों के मूल आवेदन पत्र भिजवाए गए हैं। इन चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन 5 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक राजस्व मंडल के नवीन कोर्ट रूम परिसर में आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, दो से अधिक संतान नहीं होने, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, मूल निवास, निशक्तता, पुलि स सत्यापन, स्वास्थ्य की जांच आदि प्रमाण पत्र काउंसलिंग के दौरान प्रस्तुत करने होंगे।

# पान मसाला कारोबारी पर इनकम टैक्स का छापा

■ पांच जगहों पर एक साथ इनकम टैक्स की टीमें पहुंची

**अलवर, (निसं)।** अलवर में पान मसाला के बड़े कारोबारी के ठिकानों पर बुधवार सुबह 6.30 बजे रेड पड़ी। शहर में बुध विहार, स्कीम-10 व हसन खां सहित 5 जगहों पर एक साथ इनकम टैक्स की टीमें पहुंचीं।

अभी तक यह सामने नहीं आया है कि कितना कैश व अघोषित आय मिली है। सुबह से टीम दस्तावेज खंगाल रही हैं। पान मसाला कारोबारी के अलावा टीम ने त्रिपोलिया इलाके के एक किराना व्यापारी मोहन पंसारी के यहां भी रेड डाली है। बुध विहार में पान मसाला कारोबारी के नये मकान पर भी इनकम टैक्स टीम जांच में लगी हैं। उसके बगल में ही दूसरे मकान में भी टीम हैं। स्कीम 10 में के घर पर भी टीम जांच में लगी हैं। वहीं पान मसाला बनाने वाली फैक्ट्री पर भी जांच जारी है। बताया जा रहा है कि उदयपुर, कोटा, जयपुर सहित कई जगहों की टीमों ने छापे मारी की है। एक साथ दिल्ली की तरफ से अधिकारियों की टीमें अलवर पहुंची। यहां आने के बाद चार-पांच टीमें अलग-अलग जगहों पर जांच में लग गई। बुध विहार में दो टीम, स्कीम 10 में दो, एक हसन खां मुख्य रोड वाली फैक्ट्री में वहीं एमआईए स्थित फैक्ट्री में भी टीम पहुंची हैं। जानकारों का कहना है कि यहां करोडों रुपए की अघोषित आय मिलना तय है। असल में पान मसाला की बडी खपत है। गांवों तक बडी मात्रा में बिना बिल माल पहुंचता है। जिस पर करोडों रुपए का टैक्स वसूला जा सकता है।

# आरएलपी विधायक नारायण बेनीवाल को जान से मारने की धमकी

■ लेटर में लिखा- तेरा काम तमाम कर देंगे

■ जय सोपू को पुलिस लॉरेंस विश्नोई गैंग से जोड़कर देख रही है।

**नागौर, (निसं)।** जिले के खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल को बुधवार सुबह एक धमकी भरा खत मिला है। लेटर कम्प्यूटर से टाइप किया हुआ है।

लेटर में लिखा है मिस्टर बेनीवाल गाडी गायब होने वाले दिन से तुम्हारा उल्टा समय शुरू हो गया है। अब अगर बच सको तो बच लेना। जल्दी ही तुम्हारा काम तमाम करेंगे। देखते हैं अब कितने दिन तुम अपनी और अपने परिवार की हिफाजत कर पाते हो। (जय सोपू)।

लेटर के सबसे नीचे विधायक के नागौर निवास का पूरा एड्रेस दिया हुआ है। जय सोपू को पुलिस लॉरेंस विश्नोई गैंग से जोड़कर देख रही है। सोपू ग्रुप लॉरेंस का बनाया हुआ है। यह पंजाब के विश्वविद्यालयों का छात्र संगठन है।

लैटर पर जय सोपू लिखा है। इसी वर्ड को पुलिस लॉरेंस गैंग से जोड़कर देख रही है। सोपू पंजाब की यूनिवर्सिटीज में छात्र संगठन का नाम है। सोपू का नाम मूसेवाला हत्याकांड के बाद सुर्खियों में आया था।

विधायक बेनीवाल ने बताया कि वो अपने नागौर आवास पर थे। बुधवार सुबह करीब 8 बजे उन्हें अपने घर के चौबारे में एक लिफाफा पड़ा दिखा। उन्होंने उसे चेक किया। लिफाफे के अंदर लेटर था। उसमें उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है।

नारायण बेनीवाल ने बताया कि उन्होंने पूरे मामले की जानकारी नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को दी। आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल ने इस घटना के बाद ट्वीट किए। उन्होंने राजस्थान में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए।

उधर, सूचना मिलते ही नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा समेत कोतवाली व सदर थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा है। विधायक से जानकारी ली गई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। विधायक आवास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बुधवार शाम करीब सवा पांच बजे बताया कि फुटेज में फिलहाल कुछ खास नहीं मिल पाया है। तमाम एंगलों को जोड़कर पुलिस देख रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले 17 जुलाई को विधायक की स्कॉर्पियो उनके जयपुर स्थित आवास से चोरी हो गई थी। इसके अगले दिन उनकी कार जोधपुर के बोरुंदा क्षेत्र में मिली थी। बेनीवाल ने बताया कि इस दौरान उनकी कार में रखा एक मोबाइल गायब था।

## जमानत याचिका खारिज

**खेतड़ी।** सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी की न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। एडवोकेट सुरोलिया ने बताया कि बड़बर निवासी मोहम्मद अली ने छह जुलाई को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं समेत अन्य अभद्रता करते हुए पोस्ट डाली थी। जिस पर बड़बर निवासी नवदीप सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस ने मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी मोहम्मद अली के परिजनों ने अपर सेशन न्यायाधीश खेतड़ी के समक्ष जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिस पर अपर सेशन न्यायाधीश श्वेता शर्मा ने सुनवाई करते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले न्यायिक मजिस्ट्रेट बुहाना द्वारा जमानत खारिज करने पर उक्त आरोपी जेल में बंद है।

# पार्षद की हत्या के 6 दोषियों को आजीवन कारावास



आरोपियों को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय एडीजे कोर्ट द्वितीय में पेश किया।

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** बहरोड़ नगरपालिका के पार्षद त्रिलोक यादव की 2014 में गोली मारकर हत्या करने के मामले में जिला न्यायालय एडीजे कोर्ट द्वितीय में मुख्य आरोपी अशोक ठाकरिया सहित अन्य सहभागी को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच पेश किया गया।

गौरतलब है कि सन 2014 में प्रॉपर्टी डीलिंग आदि में आपसी रंजिश के चलते दीपावली के दिन पूजन करने के दौरान त्रिलोक पार्षद नगर पालिका बहरोड़ के घर में घुसकर ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में 20 जुलाई 2022 को बहरोड़ के जिला न्यायालय एडीजे कोर्ट सेकंड में 20 आरोपियों के खिलाफ फैसला सुनाया जाना था। जिसमें सुरेन्द्र उर्फ चीकू को छोड़कर 19 लोगों को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए बुलाया गया। इनमें से जिला न्यायालय एडीजे कोर्ट सेकंड द्वारा फैसले के दौरान त्रिलोक हत्याकांड के मामले में 6 लोगों के खिलाफ फैसला सुनाया गया। जिसमें अशोक उर्फ ठाकरिया बहरोड़, राजीव उर्फ धांगा गण्डाला 10000 रुपए जुर्माने व सुनील उर्फ लीडर, जितेंद्र उर्फ बब्बे शर्मा बहरोड़, अमित यादव व धर्मेंद्र शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 5000 रुपए जुर्माने से दण्डित करने सहित कारावास की सजा सुनाई गई है।

# बीएसएफ के जवान की पिस्तौल की नोक पर लूट

**पाटन, (निसं)।** विगत रात्रि बीएसएफ के जवान के साथ अपाची मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाश पिस्तौल की नोक पर लूट को अंजाम देकर फरार हो गए।

बीएसएफ जवान रवि जाट विगत रात्रि बीकानेर से सीकर आया तथा रात्रि सवा नौ बजे के लगभग वह बस की इंतजार में कोटपूतली रोड पर खड़ा हुआ था, इतने में एक अपाची मोटरसाइकिल जिस पर दो युवक बैठे हुए थे वे आकर जवान के पास आकर रुके। बीएसएफ के जवान ने उनसे कोटपूतली तक ले जाने की बात कही इस पर उन्होंने जवान को अपनी बाइक पर बिठा लिया। राजपुरा घाटी से आगे उन्होंने अपनी बाइक हाईवे रोड से सिंगल रोड पर उतार लिया तथा पिस्तौल दिखाकर छः हजार नगद, हाथ की घडी तथा आठ हजार रुपए मोबाइल से ट्रांसफर करवाए। दोनों युवकों ने फौजी के साथ मारपीट की तथा उसको वहीं छोड़कर फरार हो गए। फौजी ने बताया कि मोटरसाइकिल के नंबर तो नहीं देख पाया परंतु उसके पीछे गुर्जर लिखा हुआ था। जवान रवि जाट ने पाटन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

# बाहर की महंगी दवाइयां लिखने पर चिकित्सक को थमाया नोटिस

■ सर्जन चिकित्सक ओपी मीना को नोटिस दिया

**करौली (नि.स.)।** करौली सामान्य चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को निशुल्क दवा के स्थान पर बाहर की दवा लिखने के मामले में जांच करते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल के सर्जन चिकित्सक ओपी मीना को नोटिस दिया है।

करौली सामान्य चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को सर्जन चिकित्सक द्वारा कमीशन खोरी की बाहर की दवा लिखने का गत दिन मंगलवार को शिकायत पर अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पूरणमल वर्मा और डिप्टी कंट्रोलर डॉ. डीएन शर्मा ने ट्रोमा वार्ड में पहुंचकर मामले की भर्ती रोगियों से पूछताछ की और बाहर की पर्ची की जांच की। जिस मामले में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पूरणमल वर्मा ने बताया कि अस्पताल में भर्ती रोगियों को बाहर की दवा लिखने का मामला पाया गया। जिसमें एक भर्ती रोगी को चिकित्सक ओपी मीना की एक छोटी सी पर्ची पर बाहर की दवा लिखी मिलने पर उन्हें बुधवार को नोटिस दिया गया है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी मीणा ने कहा कि मामला गंभीर है जब सरकार की निशुल्क दवा और जांच योजना बहुत कारगर साबित हो रही है तो रोगियों को बाहर की महंगी दवा क्यों लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अब नियमित रूप से मैं स्वयं वार्ड में जाकर जांच करूंगा और भर्ती रोगियों को सरकार की निशुल्क दवा का ही लाभ पहुंचाया जाएगा।

# पूर्व सरपंच पर फर्जी पट्टे बनाने का आरोप

**पावटा, (निसं)।** पावटा पूर्व सरपंच पर फर्जी पट्टे बनाकर धोखाधडी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रागपुरा थाने में परिवादी ने पूर्व सरपंच व अन्य 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। मामला पावटा के पूर्व सरपंच का है परिवादी ने बताया कि आरोपियों ने आपस में आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए ग्राम पंचायत पावटा के नाम से लगभग 122 फर्जी पट्टे जारी कर दिए।

## ट्रेलर पलटा

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थानान्तर्गत एनएच 12 पर वैष्णो देवी मंदिर के पास बुधवार को एक ट्रेलर की अचानक स्टेरिंग लॉक हो गयी जिससे ट्रेलर पलट गया। ट्रेलर पलट जाने से उसमें भरे हुए मक्का के कट्टे सड़क पर बिखर गए जिससे यातायात बाधित हो गया। ट्रक जयपुर से देवली जा रहा था।

# समय पर एम्बूलेंस नहीं मिलने से घायल मरीज ने दम तोड़ा

■ पावटा सीएचसी पर कुल 7 एंबुलेंस हैं जिनमें से चार एंबुलेंस खराब स्थिति में हैं

■ तीन एंबुलेंस होने के बाद भी घायल ने तड़प -तड़प कर दम तोड़ा

**पावटा, (निसं)।** पावटा- प्रागपुरा नगर पालिका क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक घायल मरीज ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर कुल 7 एंबुलेंस है। जिनमें से चार एंबुलेंस खराब स्थिति में है। तीन एंबुलेंस होने के बाद भी घायल ने तडप तडप कर दम तोड दिया।

मंगलवार रात्री सत्तार निवासी पावटा सीढियों से गिर जाने के कारण सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजन इमरजेंसी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मरीज की हालत बिगड़ने पर जयपुर के लिए रैफर कर दिया लेकिन सही समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने को लेकर सत्तार के परिजनों ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया उन्होंने बताया कि एंबुलेंस चालक ने लापरवाही बरतते हुए जानबूझकर देरी की और बार-बार बुलाने पर भी नहीं आया। इस बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी व हाथापाई हो गई। गुस्साई भीड़ ने वहां खड़ी एंबुलेंस को क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल के परिजनों ने मरीज को पावटा स्थित निजी चिकित्सालय में दिखाया जहां चिकित्सकों ने मरीज को मृत घोषित कर दिया।

घायल की मौत से खफा परिजनों व ग्रामीणों ने मामले की जानकारी अन्य जिम्मेदार अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को देते हुए शव को पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए एंबुलेंस चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।




आक्रोशित लोगों ने एम्बूलेंस को क्षतिग्रस्त किया।

मौके पर पहुंचे पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल ने पीडित पक्ष की बात को उपस्थित डॉक्टर, अधिकारियों व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के समक्ष रखी व दोषी को सजा देने की बात कही। जिस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने जांच कर मामले में दोषी को गिरफ्तार कर सजा दिलाने की बात कहीं।

पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

108 एंबुलेंस चालक व एमटी ने भी प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मंगलवार रात्रि 9 बजे हम ड्यूटी पर थे। तभी अचानक 20 से 25 लोग एंबुलेंस के पास आए और अभद्रता करते हुए एंबुलेंस की सीट पर बैठकर गाड़ी स्टार्ट करने लगे। तभी एंबुलेंस चालक एवं एमटी ने ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति को उतरने के लिए कहा व 108 पर फोन कर घायल को एंबुलेंस में शिफ्ट करने का अनुरोध करने की बात कहीं। जिस पर मौके पर मौजूद भीड ने एंबुलेंस को क्षतिग्रस्त कर दिया व हाथापाई करने लगे। जिस पर प्रागपुरा थाने में एंबुलेंस चालक सत्यवीर एवं गौरीशंकर ने एंबुलेंस क्षतिग्रस्त पहुंचाने एवं राजकार्य में बाधा और 108 एंबुलेंस को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया है।

घायल के परिजन रोते बिलखते रहे व एंबुलेंस चालक से मिन्नते करते रहे। लेकिन तीनों एंबुलेंस नियमों के पालन में खड़ी रही।

## मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी, 12,421 उप-प्रधानाचार्य पदों का सृजन

**झुंझुनूं, (निसं)।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पितराम सिंह काला ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य (एल-14) के 12 हजार 421 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार उप-प्रधानाचार्य के नवीन पद पंचायत स्तर एवं शहरी क्लस्टर में स्थित 10 हजार 217 विद्यालयों एवं 275 से अधिक नामांकन वाले 2204 विद्यालयों में सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रबंधन तंत्र के सुदृढ़ होने के साथ शैक्षिक कार्यों का सुचारू संचालन तथा पर्यवेक्षण बेहतर हो सकेगा। साथ ही, विभाग में पदोन्नित के अवसर बढ़ेंगे और भविष्य में पदोन्नित चौनल में अधिक स्पष्टता आएगी।

उल्लेखनीय है कि उप प्रधानाचार्य पद को संवर्गित करने के लिए राजस्थान शैक्षिक (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम 2021 में संशोधन हेतु मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति अप्रेल 2022 में दी जा चुकी है तथा कार्मिक विभाग द्वारा भी इसकी अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

वहीं जिले में भी इस फैसले से तकरीबन 350 व्याख्याता उप-प्रधानाचार्य बन सकेंगे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पितराम सिंह काला ने राज्य सरकार के इस निर्णय पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विद्यालय प्रबंधन और पर्यवेक्षण को गति मिलेगी। फैसले से जिले में तकरीबन 350 व्याख्याताओं को वाईस-प्रिंसिपल बनने का मौका मिलेगा, जिससे शैक्षिक कार्यों के संचालन व पर्यवेक्षण बेहतर हो सकेगा।

# ट्रक से टकराई यात्रियों से भरी बस, 22 घायल

## बस ड्राइवर कर रहा था ओवरटेक करने की कोशिश, सभी घायल अस्पताल में भर्ती

■ तीन लोग गंभीर घायल

**सूरतगढ़।** बीकानेर नेशनल हाइवे संख्या 62 पर बुधवार सुबह 11 से 12 बजे तक एक निजी बस की ट्रक के साथ टक्कर हो गई। यात्रियों के मुताबिक ये हादसा बस चालक की जल्दबाजी की वजह से हुई है। बस चालक ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, तभी ये हादसा हो गया। हादसे में बस सवार करीब 22 महिला और पुरुष यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सूरतगढ़ ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया।

बस सवार यात्रियों ने बताया कि बस पल्लू से सूरतगढ़ की ओर आ रही थी कि हाइवे पर 236 पुल के पास ओवरटेक के प्रयास में आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। सूचना पाकर सिटी थानाधिकारी रामकुमार लेघा जाप्ता सहित मौके पर पहुंचे और हाइवे से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य करवाया। वहीं हादसे की खबर सुन एसडीएम कपिल कुमार यादव भी ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। थानाधिकारी और चिकित्सकों से घायलों की जानकारी ली। डॉक्टरों के अनुसार घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर है जबकि शेष का ट्रामा सेंटर में उपचार किया जा रहा है।

हादसे में ये हुए घायल ममता पत्नी राजू उम्र 38 साल निवासी रायावाली, पवन पुत्र हरिराम उम्र 21 साल निवासी मोटेर, आईना पुत्री राजू उम्र 14 साल निवासी रायावाली, प्रियंका पत्नी विनोद नाथ निवासी चाडसर, विष्णु पुत्र संतलाल उम्र 22 साल निवासी रायावाली, श्योचन्द पुत्र नन्दराम उम्र 45 साल निवासी ठुकराना, रामेश्वर दास पुत्र बीरबलदास उम्र 30 वर्ष निवासी रायावालीढ्ढ, टीकूराम पुत्र केशरराम उम्र 55 साल निवासी फरीदसर, गुरमेल सिंह पुत्र मदन सिंह उम्र 28 वर्ष, दौलत राम पुत्र मोहनलाल उम्र 55 वर्ष, गोपीराम पुत्र ईशर राम उम्र 38 साल निवासी रायावाली, भंवरी देवी पत्नी टिकु राम उम्र 55 साल निवासी फरीद सर, चंद्रकला पत्नी विनोद उम्र 30 साल निवासी फरीदसर, रूपराम पुत्र सुगनाराम उम्र 33 साल निवासी फरीद सर, सुमन पुत्री हरिराम उम्र 18 साल निवासी मोटेर, सतपाल पुत्र मीठूराम उम्र 25 साल निवासी गुसाइसर, वेद प्रकाश पुत्र हरफूल राम उम्र 25 साल निवासी गुसाईसर, बसंती पत्नी रामस्वरूप उम्र 27 साल निवासी गुसाईसर, दिलीप पुत्र डूंगरराम उम्र 65 साल निवासी गुसाईसर, वंदना पत्नी शेखर उम्र 21 साल निवासी रिडमलसर, रूपराम पुत्र मंगतूराम उम्र 50 साल निवासी रायावाली निवासी है।

# मंत्री यूं ही काम लटकाते रहे, तो कैसे करेंगे जनता का सामना?

## कांग्रेस के 40 से ज्यादा विधायक मुख्यमंत्री या प्रभारी को कर चुके हैं इस तरह की शिकायतें

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में कांग्रेस की सरकार दो अलग-अलग दौर में चल रही लगती है। दोनों ही दौर में मंत्री-विधायकों से लेकर ब्यूरोक्रेसी के बीच खींचतान स्पष्ट रूप से नजर आई। पहले के पार्ट में जहां पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ विधायकों ने खुलकर सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए नेतृत्व बदलने की मांग की थी। वही अब दूसरे पार्ट में विधायकों की नाराजगी मंत्री और ब्यूरोक्रेसी के खिलाफ रोजाना सामने आ रही है। पिछले 6 महीने की ही बात करें तो सिर्फ विधायक ही नहीं कई मंत्रियों ने भी ब्यूरोक्रेसी पर निशाना साधा है। वही लगभग 40 विधायकों ने मुख्यमंत्री से लेकर दिल्ली तक मंत्रियों के रवैये और कामकाज नहीं करने को लेकर स्पष्ट रूप से अपनी नाराजगी बताई हैं।

- **मंत्रियों के साथ ही ब्यूरोक्रेसी के रवैए पर भी है कांग्रेस विधायकों में नाराजगी**

दरअसल इस सरकार में सबसे ज्यादा नाराजगी तो बसपा से कांग्रेस में आने वाले विधायकों की सामने आई है। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा तो कई बार स्पष्ट रूप से मंत्रियों का नाम लेकर काम नहीं होने को लेकर शिकायतें कर चुके हैं, तो कांग्रेस के कई विधायकों ने मंत्रियों की ओर से महत्वपूर्ण कामों को लटकाकर रखने या काम नहीं करने की शिकायतें लगातार मुख्यमंत्री से की है। अब जब चुनाव में जाने का समय नजदीक आ रहा है, तो विधायकों को लग रहा है कि यदि मंत्रियों की ओर से इसी तरह से काम को लटकाया जाता रहा, तो चुनाव में जनता का सामना करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए अब विधायक धीरे-धीरे खुलकर सामने आने लगे हैं। जहां तक ब्यूरोक्रेसी को लेकर नाराजगी की बात है तो पिछले दिनों ही खेल मंत्री अशोक चांदना ने तो मुख्यमंत्री के सचिव के खिलाफ नाराजगी जताते हुए मंत्री पद को ही जलालत भरा बता दिया था।

बताया जाता है कि 18 जुलाई को जब राष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग थी, उस दिन बड़ी संख्या में विधायकों ने मुख्यमंत्री से मंत्रियों के सामने ही काम नहीं करने की शिकायतें की थी। हालांकि मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों को आश्वस्त किया है कि वे खुद मंत्रियों से समय पर काम करने को कहेंगे। वहीं मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया था कि वह खुद विभाग वार समीक्षा बैठकर इसलिए कर रहे हैं कि यदि विभागों में काम नहीं हो रहा है तो समीक्षा में पता चल जाए।

राज्यसभा चुनाव की वोटिंग से पहले भी बसपा से कांग्रेस में आए 5 विधायकों के साथ ही कांग्रेस विधायक और अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष खिलाड़ी बैरवा ने की सरकार में कामकाज को लेकर खुलकर नाराजगी जताई थी। वही एक वरिष्ठ विधायक ने तो टीवी डिबेट में मंत्री पर उंगलियां उठाई थी। विधायक भरत सिंह भी लगातार मंत्रियों के कामकाज को लेकर मुख्यमंत्री को चिट्ठियां लिखते रहे हैं। अब जब मुख्यमंत्री ने तबादलों से बैन हटा दिया है और सभी विधायक तबादलों को लेकर मंत्री से सीधे मिलकर अपने समर्थकों के काम करवाना चाहते हैं, तो कई मंत्री-विधायकों को मिल नहीं रहे हैं। इसे लेकर भी विधायकों में नाराजगी बढ़ रही है। हालांकि मुख्यमंत्री अब ज्यादा चिंतित नहीं हैं, क्योंकि अब किसी राज्यसभा सीट पर कोई चुनाव नहीं होना है। हालांकि लगातार विधायकों की नाराजगी की खबरें सामने आने के चलते आम जनता में गलत संदेश जा सकता है। इस बात को मुख्यमंत्री अच्छी तरह से जानते हैं। यही कारण है कि वह विधायकों को आश्वस्त करके किसी तरह से चुप रखना चाहते हैं।

## 'कांग्रेस जिंदा रहेगी, तो ही हम जिंदा रहेंगे'

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को समन भेजकर ईडी की ओर से बुलाए जाने के खिलाफ होने वाले कांग्रेस के आंदोलन की रणनीति बनाने तथा संगठन चुनाव के संबंध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुलाई गई जयपुर शहर कांग्रेस की बैठक में विधायकों, पार्षदों और संगठन नेताओं की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जाने को लेकर जयपुर शहर जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष और राज्य के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भड़क गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कांग्रेस नेताओं को कहा कि गलतफहमी कोई नहीं पाले, क्योंकि इस तरह की लापरवाही करोगे और कांग्रेस खत्म हो जाएगी तो बचेगा कौन?

दरअसल संगठन चुनाव को लेकर जयपुर के डीआरओ जयपुर में सभी कांग्रेसजनों से मिलकर संगठन चुनाव को लेकर चर्चा करने के लिए आए थे। इसी के साथ जयपुर में गुरुवार को प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाना है। यह प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी के बुलावे के खिलाफ जयपुर स्थित ईडी कार्यालय के बाहर किया जाना है। इसी संबंध में जयपुर शहर कांग्रेस की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुलाई गई थी,लेकिन इस बैठक में 5 में से 4 विधायक नहीं आए। वहीं जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज के 80 में से सिर्फ 21 पार्षद ही पहुंचे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का वक्फ मुख्यालय पर प्रदर्शन




**भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान के नेतृत्व में बुधवार को राजस्थान वक्फ बोर्ड कार्यालय जयपुर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।**

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान के नेतृत्व में राजस्थान वक्फ बोर्ड कार्यालय जयपुर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान ने अपने चिर-परिचित अंदाज में वक्फ बोर्ड की कारगुजारी का भांडा फोड़ किया।

उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से कांग्रेस सरकार चन्द अल्पसंख्यक समाज के लोगों को लॉलीपॉप देकर बेवकूफ बना रहीं है धरातल पर अल्पसंख्यक समाज के हितों के लिए कोई कार्य नहीं हुए और तो और अल्पसंख्यक लोगों के विभागों का बेड़ा गर्क कर रखा हैं। जिसमें वक्फ बोर्ड को ही देखे, हमारे बाबाओं अजदाद ने अपनी जायदादों को लोगों की भलाई के लिए वक्फ को दी थीं। उन वक्फ जायदादों की देखभाल वक्फ बोर्ड को करनी थी, मगर इसका उल्टा हो रहा है। कहीं वक्फ जायदादों के पट्टे दिये जा रहे हैं तो कही अवैध निर्माण व अवैध कब्जे करवाये जा रहे हैं। वर्षों पुराने किरायेदारो का नई किराया निति से किराया नहीं वसूला जा रहा है। वक्फ जायदादो की आमदनी का जरिया बढ़ाया जायें ताकि अल्पसंख्यक समाज के बच्चो की फ्री कोचिंग दी जा सकें। जिसे काफी समय पहलें बन्द कर दिया गई। विधवा पेंशन चालू करें, गरीब बच्चों व बच्चियों की शादी में इमदाद बन्द कर दी गई उनको चालू किया जाये। अशोक गहलोत को चेताया की वक्फ बोर्ड के साथ न्याय करें। वक्फ जायदादो को सुरक्षित करें।

- **वक्फ संपतियों से कब्जा छोड़े राज्य सरकार, सभी जिला वक्फ बोर्ड कमेटियों को तुरंत भंग किया जाए : एम. सादिक खान**

मोर्चा प्रदेश महामंत्री हमीद मेवाती ने संबोधित करते हुए कहा कि अलवर भरतपुर में वक्फ बोर्ड की जमीनों पर हो रहें अवैध कब्जो के हटाने की मांग की और राजा हसन खां मेवाती की समाधि स्थल से कब्जा तुरन्त हटाया जाये। मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान ने संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर के मुस्लिम मुसाफिर खाने की कमेटी बदली जायें। वक्फ की जमीनो पर से अवैध कब्जे हटाए जायें वक्फ किराया निति के अनुसार वक्फ जायदादो से किराया वसूला जाये। कार्यालय मंत्री उस्मान खान चौहान ने आने वाले सभी कार्यकर्ताओ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष फरमान अहमद, प्रदेश मंत्री आसिफ खान, शहजाद पठान, आसिफ नकवी, कोषाध्यक्ष अकरम कुरेशी, आईटी सेल सह-संयोजक मोहम्मद इरसाद हसनपुरा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विजय दास के आत्मदाह ने राजस्थान सरकार की हठधर्मिता की पोल खोल दी है : डॉ.पूनिया

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने एसएमएस अस्पताल में जाकर संत विजयदास की पूछी कुशलक्षेम**
- **भरतपुर के डीग क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं के विरोध में संत विजय दास द्वारा आत्मदाह करना गहलोत सरकार के माथे पर कलंक है : राजेन्द्र राठौड़**

**जयपुर।** बृज के कामां क्षेत्र में पिछले 551 दिनों से अवैध खनन के खिलाफ साधु समाज का आंदोलन चल रहा है। साधु-संतों की मांग के बाद भी सरकार के हस्तक्षेप के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं होने की परिणिति एक साधु की आत्मदाह के रूप में हुई। राजस्थान की कांग्रेस सरकार की हठधर्मिता का बड़ा उदाहरण है कि 27 जनवरी 2005 में अवैध खनन के खिलाफ खनन पर रोक के बावजूद भी जब इस तरीके से अवैध खनन हो रहा है तो उसको लेकर साधु संतों और आम जनता में बड़ा आक्रोश था, क्योंकि यह पूरा क्षेत्र ब्रज चौरासी क्षेत्र में आता है, जो धार्मिक आस्था का एक बड़ा केंद्र है। राजस्थान सरकार की कानून व्यवस्था की पोल तो इस मामले से खुलती ही है, लेकिन किस तरीके से राजस्थान की सरकार व प्रशासन लापरवाह है उसकी यह बानगी है। विजय दासके आत्मदाह ने राजस्थान सरकार की हठधर्मिता की और मुद्दों के समाधान नहीं करने की पोल खोल दी है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंच कर संत विजय दास की कुशलक्षेम पूछी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि उदयपुर के बाद फिर बृज के कामा क्षेत्र में अशोक गहलोत सरकार की घोर लापरवाही है। अवैध खनन को बंद कराने की साधु-संतों की मांग पर राज्य सरकार ने ध्यान नहीं दिया।एक संत के आत्मदाह का प्रयास इसी का परिणाम है। ये कैसी विडम्बना है कि रोक के बाद भी वहाँ अवैध खनन हो रहा है और साधु-संतो को आवाज़ उठानी पड़ रही है। राज्य सरकार ने यदि इस विषय को गम्भीरता से लिया होता तो आज ये स्थिति नहीं होती। इसके लिए पूरी तरह से राज्य की गहलोत सरकार ज़िम्मेदार है।

वहीं उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि भरतपुर के डीग क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं के विरोध में संत श्रीविजयदासजी द्वारा आत्मदाह करना गहलोत सरकार के माथे पर कलंक है। राठौड़ ने कहा कि दुर्भाग्य है कि पिछले 551 दिनों से क्षेत्र में साधु संत आंदोलन कर रहे हैं लेकिन चिरनिद्रा में सोई सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। राठौड़ ने कहा कि कनकांचल और आदिबद्री पर्वत धार्मिक आस्था का प्रतीक है जहां पर खनन का लंबे समय से विरोध हो रहा है। संतों ने प्रशासन को पूर्व में ही आत्मदाह की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद प्रशासन ने साधु संतों से सकारात्मक वार्ता नहीं करके आंदोलन को खत्म नहीं कराया। ईश्वर से संत श्रीविजयदासजी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# गहलोत सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर आमादा है : राठौड़

- **'सरकार अंग्रेजी स्कूल खोलने की अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिये नये विद्यालय खोलने के बजाय बड़ी संख्या में हिंदी माध्यम स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में परिवर्तित कर रही है जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य गर्त में चला जायेगा'**

**जयपुर (कासं)।** उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2022-23 के पैरा संख्या 26 में 5 हजार से अधिक की आबादी वाले समस्त गांवों में 1 हजार 200 महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय प्रारम्भ किये जाने की बजटीय घोषणा की थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए इंग्लिश मीडियम के नये विद्यालय खोलने की बजाय वर्तमान में संचालित हो रहे बड़ी संख्या में हिंदी मीडियम के विद्यालयों को ही इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित करके हिंदी मीडियम के लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित रखकर उनका भविष्य गर्त में ले जाने का काम कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि झूठी घोषणाएं करने में अव्वल गहलोत सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर आमादा है। राज्य के करीब 6 लाख बच्चों पर जबरन इंग्लिश मीडियम स्कूल थोपे जा रहे हैं। सरकार विगत 3 वर्षों में 1205 हिंदी मीडियम स्कूलों में ताला डालकर उन्हें इंग्लिश मीडियम स्कूलों में परिवर्तित कर चुकी है और अपनी इसी मानसिकता के साथ 2000 अतिरिक्त हिंदी मीडियम के स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में खोलने जा रही है।

राठौड़ ने कहा कि सरकार जिन हिंदी मीडियम स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित कर रही है वहां हिन्दी मीडियम के शिक्षक ही विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। सरकार ने बजटीय घोषणा में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों का अलग से कैडर बनाकर 10 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की भी घोषणा की थी जो अभी तक अधर में है। ना तो सरकार ने इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की और ना ही हिन्दी मीडियम के विद्यार्थियों की शिक्षा का समुचित प्रबंध किया। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने की थोथी घोषणा कर वाहवाही तो लूट ली लेकिन इन स्कूलों के लिए आधारभूत संरचनाएं जैसे भवन, शिक्षक व अन्य संसाधन की व्यवस्था ही नहीं की। इसके विपरीत अपनी कपोल कल्पित योजना को फलीभूत करने के लिए पहले से संचालित हो रहे हिंदी मीडियम स्कूलों को बंद कर इन्हें ही इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित कर रही है जिससे बड़ी संख्या में हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के समक्ष पढ़ाई का संकट उत्पन्न हो गया है।

## वोट बैंक से पहले समाज में शांति और सौहार्द की चिंता करें कांग्रेसी : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सद्भाव बिगाड़ने वाले पुराने वीडियो पर 3 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद राजस्थान सरकार पर हमला बोला। शेखावत ने कहा कि कांग्रेसियों को वोट बैंक से पहले समाज में शांति और सौहार्द की चिंता करनी चाहिए।

बुधवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर शेखावत ने कहा कि जयपुर के घाटगेट में सालभर पहले दहशत फैलाता वीडियो बनाया गया था, जिस पर मामूली कार्रवाई करते हुए मामला रफा-दफा कर दिया गया। वीडियो से फैलते जहर को रोकने की कोशिश न की गई, पिछले हफ्तेभर से यह वीडियो पुनः साजिश की मंशा से वायरल किया जाने लगा। उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में आते ही तत्काल मैंने इस पर आपत्ति जताई।

# नए करोना संक्रमितों की संख्या ढाई सौ के करीब पहुंची राजस्थान में

## राज्य में बुधवार को 246 नए संक्रमित मिले हैं, इनमें सबसे ज्यादा 63 मरीज जोधपुर में पाए गए हैं

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश नए करोना संक्रमितों की संख्या ढाई सौ के करीब पहुंच गई है। बुधवार को राज्य में 246 नए संक्रमित सामने आए हैं, जबकि दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस बीच रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 1438 हो गए हैं। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों में 20 जिलों में 246 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को इनकी संख्या 180 रही थी। इधर पिछले दो दिनों से सबसे ज्यादा नए संक्रमित जोधपुर जिले में मिल रहे हैं। इसके चलते बुधवार को भी यहां सर्वाधिक 63 नए मरीज पाए गए हैं। वहीं राजधानी जयपुर में आज थोड़ी वृद्धि के बाद 45 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 25, जालोर में 20, अजमेर में 19, उदयपुर में 14, अलवर में 13, नागौर में 8, चित्तौड़गढ में 7, भीलवाड़ा व दौसा में 5-5, राजसमंद व सिरोही में 4-4, कोटा, प्रतापगढ़ व बांसवाड़ा में 3-3, हनुमानगढ़ में 2 तथा भरतपुर, चूरू और सीकर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच 13 जिलों बारां, बाड़मेर, बूंदी, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, पाली, सवाई माधोपुर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में बुधवार को भी रिकवरी कम हुई है। इस दौरान राज्य में 185 रोगी ठीक हुए हैं। इस बीच एक्टिव केस बढ़कर 1438 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 370 मामले जयपुर जिले में, जबकि जोधपुर में 312 और बीकानेर में 158 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में अजमेर और बीकानेर में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही अजमेर में अब तक करोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 449 और बीकानेर में 592 हो गई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9576 लोगों की जान जा चुकी है। राजधानी जयपुर में बुधवार को सबसे ज्यादा 9 नए संक्रमित मालवीय नगर में मिले हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 6, सिविल लाइन्स व आदर्श नगर में 5-5, सांगानेर व वैशाली नगर में 3-3, बरकत नगर व मुरलीपुरा में 2-2 तथा बनीपार्क, बस्सी, दुर्गापुरा, गांधी नगर, गोविन्द नगर, गुजर की थड़ी, झोटवाड़ा, कोटपूतली, सिरसी और सांभर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। जिले में आज 69 मरीज ठीक हुए हैं।

- **राजधानी जयपुर में भी थोड़ी वृद्धि के बाद 45 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **प्रदेश में करोना से पिछले चौबीस घंटों में दो लोगों की मौत हो गई है।**

## एक पद खाली रखने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2020 में दिव्यांग श्रेणी से चयनित अभ्यर्थी से नया दिव्यांग प्रमाण पत्र मांगने पर प्रमुख कॉलेज शिक्षा सचिव, निदेशक व आरपीएससी सचिव से 11 अगस्त तक जवाब मांगा है। वहीं अदालत ने याचिकाकर्ता के लिए दिव्यांग श्रेणी में एक पद खाली रखने के लिए कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश जयप्रकाश अवस्थी की याचिका पर दिए।

## एक लाख लोगों को देंगे मुफ्त भोजन

**जयपुर (कासं)।** रोटरी क्लब जयपुर रॉयल सिग्नेचर प्रोजेक्ट के तहत पिछले कई वर्षो सें वर्ष पर्यंत प्रतिदिन 100 लोगों को मुफ्त भोजन बांट रहा था। इस वर्ष के नव निर्वाचित प्रेसिडेंट अरूण बगड़िया ने इस काम को आगे बढाते हुए इस वर्ष प्रतिदिन 300 लोगों को मुफ्त भोजन कराने की योजना बनाई है। इस कार्यक्रम के जरिए साल भर तक 1 लाख लोगों को मुफ्त भोजन कराया जाएगा। अरुण बगड़िया ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत लाल कोठी पुलिस हैड क्वार्टर के पास वाली इंदिरा रसोई मे ये प्रोजेक्ट वर्ष भर चलेगा। इस प्रोजेक्ट का आगाज समारोहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर फर्स्ट लेडी पूनम बगड़िया, वरिष्ठ रोटेरियन रतन सिंह, रवि कामरा, एसिस्टेंट गवर्नर हेमेन्द्र शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट संजय कौशिक, पी सी जैन, हरीश खत्री मौजूद थे।

## 'राजस्थान रॉयल्स व सरकार बकाया को लेकर करें राशि तय'

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आईपीएल मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की बकाया राशि के लिए राजस्थान रॉयल्स और सरकार को बैठक कर राशि तय करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 25 जुलाई को तय की है। सीजे एसएस शिंदे और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राजस्थान रॉयल्स की ओर से कहा गया कि उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बकाया भुगतान कर दिया है और अब कोई बकाया शेष नहीं है। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राजस्थान रॉयल्स पर वर्ष 2011 के डेढ़ करोड़, वर्ष 2012 के एक करोड़ अस्सी लाख और वर्ष 2013 के 25 लाख रुपए बकाया चल रहे हैं। दूसरी ओर आरसीए की ओर से अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि बकाया भुगतान को लेकर आरसीए का कोई लेना-देना नहीं है। इस पर अदालत ने राजस्थान रॉयल्स और राज्य सरकार को बकाया भुगतान को लेकर राशि तय करने को कहा है। गौरतलब है कि शहर में वर्ष 2011 से लेकर वर्ष 2019 तक हुए आईपीएल मैच में दी गई पुलिस सुरक्षा का बकाया भुगतान नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट ने स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

# साउथ ऑस्ट्रेलिया की एम्बेसेडर से भूजल प्रबंधन पर चर्चा



**दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार की वॉटर एम्बेसेडर कार्लिन मेवॉल्ड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल से मुलाकात की।**

**जयपुर, (का.सं.)।** दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार की वॉटर एम्बेसेडर कार्लिन मेवॉल्ड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भूजल प्रबंधन एवं जल शुद्धिकरण में आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर सहयोग के बारे में चर्चा हुई।

डॉ. अग्रवाल से चर्चा के दौरान दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की वॉटर एम्बेसेडर ने बताया कि राजस्थान एवं साउथ ऑस्ट्रेलिया की भौगोलिक परिस्थितियां कुछ हद तक मिलती-जुलती हैं। ऐसे में विभिन्न क्षेत्रों में साउथ ऑस्ट्रेलिया द्वारा राजस्थान को तकनीकी सहयोग दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार एवं ऑस्ट्रेलिया के बीच एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया था, जिसके तहत 'ऑस्ट्रेलिया इण्डिया वॉटर सेंटर' स्थापित किया गया है। भारत के 17 अग्रणी तकनीकी संस्थान तथा ऑस्ट्रेलिया के 9 अग्रणी तकनीकी संस्थान एवं अन्य शोध संस्थान इस सेंटर के सदस्य हैं। ऑस्ट्रेलिया इण्डिया वाटर सेंटर जल प्रबंधन एवं जल से संबंधित अन्य विषयों पर शोध, शैक्षिणक गतिविधियों एवं क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम का भी संचालन कर रहा है।

## नाहरगढ़ पहाड़ी पर पुजारी से बदमाशों ने मारपीट की

**जयपुर (कासं)।** शहर के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में नाहरगढ़ पहाड़ी पर एक पुजारी पर दो कार सवार एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार पुलिन्दर की गली, जौहरी बाजार निवासी सोनू शर्मा (29) 17 जुलाई की रात को नाहरगढ़ पहाड़ी पर स्थित भौमिया जी के मंदिर में पूजा करने के लिए गया था। इस दौरान रात करीब 11 बजे गेट बंद होने की वजह से दो युवक मंदिर की दीवार फांदकर अंदर आ गए, जिनके हाथ में शराब की बोतल थी। पुजारी सोनू ने युवकों को शराब की बोतल सहित बाहर जाने के लिए कहा तो उन युवकों ने अपने अन्य साथियों को आवाज देकर बुला लिया। महंत ने भी युवकों को मंदिर में शराब वर्जित होने की कहकर बाहर जाने के लिए गया तो वे और उठा हो गए।

इस दौरान युवकों ने सोनू को पहाडी से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जहां दो कार में सवार एक दर्जन से अधिक लोगों ने उस पर सरियो से हमला बोल दिया। वहीं सिर पर शराब की बोतल फोड़ दी।

# 'जो लाशों की राजनीति करता हो, वह कहता है कि सुरक्षा मिलनी चाहिए'

## मंत्री रमेश मीणा ने सांसद डॉ. किरोड़ी पर निशाना साधा

- **'किरोड़ी को पार्टी में कोई पूछ नहीं रहा, बैठक में घुसने नहीं दिया, अब कह रहे हैं धमकी मिली है, सरकार इसकी जांच कराएगी'**

**जयपुर, (का.प्र.)।** राज्यसभा में भाजपा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को उदयपुर तालिबानी हत्याकांड के शिकार कन्हैयालाल की पैरवी करने पर धमकी मिलने के उनकी सुरक्षा की मांग को लेकर राजस्थान के ग्रामीण विकास और पंचायतराज मंत्री रमेश मीणा ने सवाल उठाते हुए कहा कि धमकी मिली है या नहीं मिली यह जांच का विषय है। पार्टी में किरोड़ी को कोई पूछ नहीं रहा, इसलिए चर्चा में रहने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। रमेश मीणा ने कहा कि सुरक्षा लेने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

पहले भी अपने जिले में खुद पर गोली चलवाई थी, बाद में वाई श्रेणी की सुरक्षा ले ली थी। मंत्री ने कहा कि जो सुरक्षा मांग रहा है, उस पर पहले से ही केस लगे हुए हैं, उसे कानून के हवाले कर देना चाहिए।

सचिवालय में मीडिया से बात करते हुए रमेश मीणा ने किरोड़ी मीणा को धमकी के बाद उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी होने के सवाल पर कहा कि उन्होंने खुद कहा है कि उनके साथ बहुत से युवा हैं। लोग उनके साथ हैं। ऐसे लोगों को क्या खतरा हो सकता है? खुद का बयान है, उन्हें खुद को कानून के हवाले करना चाहिए। इसी के साथ रमेश मीणा ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री से भी कहा है कि जो व्यक्ति लाशों की राजनीति करता हो, लोगों को धमकाता हो, जिस पर मुकदमे दर्ज हों, जो अपराधी हो, वह कहता है कि सुरक्षा मिलनी चाहिए। जो सुरक्षा के लिए ऐसी कहानियां बनाता हो, उसे अरेस्ट करना चाहिए। रमेश मीणा ने कहा कि यह जांच का विषय है कि पहले जो गोली चली, वह किसने चलवाई। किरोड़ी को पार्टी में कोई पूछ नहीं रहा है। जयपुर में पिछले दिनों सबने देखा उन्हें बैठक तक में घुसने नहीं दिया था। अब कह रहे हैं कि धमकी मिली है, सरकार जांच कराएगी। यह भी जांच होनी चाहिए कि पहले किसने गोली चलाई और वाई श्रेणी की सुरक्षा कैसे मिल गई।

# पालिका ईओ व चेयरमेन के शिविर में देरी से पहुंचने पर लोगों ने जड़ा ताला

## विपक्ष के पार्षदों के साथ भेदभाव करने के का भी आरोप जड़ा



सादुलपुर में प्रशासन गांव के संग शिविर में अधिकारी व कर्मचारियों के 11 बजे तक नहीं पहुंचने पर खाली पडी कुर्सियां।

■ पूर्व पालिका अध्यक्ष बैरासरिया के नेतृत्व में लोगों ने शिविर स्थल से कार्मिकों को बाहर निकाला

**सादुलपुर, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान में नगरपालिका राजगढ द्वारा वार्ड संख्या 1,2 व 3 के लिए लगाये गये शिविर में बुधवार को तीन-चार कार्मिकों के अलावा पालिका अधिकारी, कर्मचारी व चेयरमेन के शिविर में देरी से पहुंचने तथा विपक्ष के पार्षदों के साथ भेदभाव करने के आरोप में वार्ड पार्षदों सहित मौहल्लेवासियों ने पूर्व पालिका अध्यक्ष जगदीश बैरासरिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया तथा आक्रोशित लोगों नें शिविर में उपस्थित कार्मिको को बाहर निकाल कर शिविर स्थल अम्बेडकर भवन की तालाबन्दी कर डाली।

पार्षद जयवीर ढाका व पार्षद प्रतिनिधि ज्ञानप्रकाश सैनी सहित मौहल्ले के लोगों का आरोप है कि बुधवार को 11 बजे तक ना तो नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी शिविर में पहुंचे तथा नाही चैयरमैन, ना एसडीएम, ना ही तहसीलदार ना शिविर में पहुंचे। 11 बजे तक खाली पडी कुर्सियों को देखकर लोग भड़के लोगों ने शिविर में पहुंचे कार्मिकों को बाहर निकाल कर तालाबन्दी कर विरोध प्रदर्शन किया।


वार्ड पार्षद जयवीर ढाका व पार्षद प्रतिनिधि ज्ञानप्रकाश सैनी सहित मौहल्ले के लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि तीन दिनों से प्रशासन शहरों के संग अभियान लगाया जा रहा है मगर पालिका प्रशासन ने एक भी पट्टा जारी नहीं किया है। यहां तक कि जन्म या मृत्यू प्रमाण-पत्र तक जारी नहीं किया गया है, सिर्फ शिविर के नाम पर कागजी कार्यवाही कर सरकारी कोष को चूना लगाया जा रहा है।

पार्षद प्रतिनिधि सैनी ने कहा कि यह वार्ड कच्ची बस्ती का वार्ड है लगभग 15० फाईलें पट्टा आवेदन की पालिका में जमा हैं, जिनके सभी कार्य हो चूके हैं, फिर भी पट्टे जारी नहीं हो रहे हैं, जबकि राज्य सरकार पट्टा जारी के लिए शिविर लगा रही है।

सैनी ने कहा कि हमें यह अंदेशा है कि हमारी फाईल पालिका में है या नहीं ये भी पता नहीं है। पार्षद प्रतिनिधि जयवीर ढाका नें कहा कि दो बार शिविर लग चूके हैं, लेकिन आज तक एक भी पट्टा नहीं बनाया गया है, सिर्फ अपने चेहतो का कार्य किया जा रहा है। तालाबन्दी की मिली सूचना पर ईओ सुमेरसिंह श्योराण तथा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व एएसपी नियाज मोहम्मद मौके पर पहुँचे तथा विरोध प्रदर्शन कर रहे पूर्व पालिका अध्यक्ष जगदीश बैरासरिया, वार्ड ०3 पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र पडिहार, पार्षद प्रतिनिधि जयवीर ढाका, पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट ज्ञान प्रकाश सैनी, सत्यनारायण बैरासरिया, पार्षद सुमन कंवर, पार्षद बाला ढाका व राजेश आदि से वार्ता की। अधिशाषी अधिकारी सुमेरसिंह श्योराण का कहना है कि अभी दो-तीन रोज पूर्व ही ईओ का पदभार संभाला है तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान में अधिकाधिक पट्टे बनाये जायेंगे।

# ग्राम विकास अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़े युवक

## अपनी मनमर्जी व राजनैतिक द्वेषता से कार्य करने का आरोप



पंचायत ढढेरू भामुवान में युवकों ने टंकी पर चढ़ विरोध जताया।

■ पंचायत ढढैरू भामुवान में 21 वर्षो से लगातार कार्यरत है ग्राम सेवक सोनी

**बीदासर, (निसं)।** पंचायत समिति बीदासर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत ढढेरू भामुवान के ग्राम विकास अधिकारी गिरधारी लाल सोनी को हटाने की मांग को लेकर पंचायत मुख्यालय पर 12 दिनो से चल रहे धरने के बाद प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई न होने के कारण धरने पर बैठे गोविंद दास स्वामी, विक्रांत राठौड़ अपनी मांग को मनवाने के लिये बुधवार की दोपहर तीन बजे ग्राम पंचायत के गाँव ढाणी कुम्हारान में बनी पानी की टंकी पर चढ गए। टंकी पर चढे दोनों युवको व ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमारी मांग पूरी नही होगी तब तक टंकी से नही उतरेंगे। दोनो युवकों के पानी की टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलने पर तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा, थानाधिकारी महेन्द्र कुमार चावला मौके पर पहुंचे। मौके पर टंकी पर चढे युवकों को देखने के लिये ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई।

समाचार लिखे जाने तक टंकी पर चढे दोनों युवकों व ग्रामिणों से प्रशासन की तरफ से कोई वार्ता नहीं हुई न ही किसी प्रकार का आश्वासन दिया गया है। गौरतलब है कि बुधवार को पंचायत समिति मे जनसुनवाई करने आई जिला प्रमुख वंदना आर्य व जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरीराम चौहान के समक्ष भी ग्रामीणों व धरना दे रहे युवको ने ग्राम सेवक को हटाने को लेकर पंचायत समिति के बाहर प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी कर जमकर आक्रोश प्रकट किया। इस मौके पर जिला प्रमुख आर्य को ग्राम पंचायत के लोगो द्वारा ग्राम सेवक को अविलम्ब हटाने का ज्ञापन दिया गया। ग्रामीणो के द्वारा दिये गये ज्ञापन मे लिखा है कि ग्राम पंचायत ढढैरू भामुवान मे कार्यरत ग्राम सेवक गिरधारी लाल सौनी लगातार 21 वर्षो से इसी पंचायत में है जो कि अपनी मनमर्जी व राजनैतिक द्वेशता से कार्य करता है। सरकार द्वारा संचालित योजनाएँ, पीएम आवास, शौचालय व व्यक्तिगत लाभ बिना कोई कार्य नही करता। तथा ग्रामवासियों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। नरेगा योजना मे फर्जी मस्ट्रोल भरकर राजकीय कोष का दुरपयोग कर रहा है। समय पर न ही पंचायत आता है न ही बैठक लेता है।

# फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे दुष्कर्म करने का आरोप

■ आरोपी ने दो साल तक किया देहशोषण

**सादुलपुर, (निसं)।** रावतसर कुंजला निवासी एक आरोपी द्वारा विदेश गये एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री के अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देकर दो वर्षो से देहशोषण करने के आरोप का मामला हमीरवास थाने में दर्ज किया गया है।

हमीरवास थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया रावतसर कुंजला निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज मामले में आरोप लगाया है कि 19 जुलाई को समय करीब अलसुबह 2 बजे की बात है कि आरोपी सोहल खान पुत्र मोहम्मद जैबार खान जाति कामखानी निवासी रावतसर कुंजला उसके छोटे भाई जो कि विदेश में रहता है के घर में घूसा, तथा उसके छोटे भाई की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। तथा रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच नाबालिग बालिका ने हिम्मत कर घटनाक्रम के बारे में अपने माता-पिता को बताया। जिस पर बालिका से पुछताछ करने पर नाबालिग बालिका ने बताया कि आरोपी सोहेल खान पिछले दो सालों से उसे धमकी देकर उसे अलग-अलग जगह पर बुलाकर उसका देह शोषण करता आ रहा है कि उसके पास आपकी अश्लील फोटो व वीडियो हैं, अगर इस बारे में किसी को कुछ बताया तो वह फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसे जान से मार देगा। जिस पर डरी व सहमी बालिका नें समाज में बदनामी होने व डर के कारण अभी तक इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया।

पीड़ित बालिका नें इस बारे में जब आरोपी सोहेल खान के माता-पिता को बताया तो उन्होंने भी उसे धमकी दी कि अगर आपने इस बारे में किसी को कुछ बताया तो हम तुम्हे जान से मार देंगें तथा आप जब 18 साल की हो जाओगी तब हम आपका निकाह सोहेल खान से करवा देंगें। आरोप है कि आरोपी सोहेल खान करीब दो सालों से उसकी नाबालिग भतीजी के साथ डरा धमका कर उसका देह शोषण कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# रीट के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी, अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत निर्देश

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 23 व 24 जुलाई को आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा-2022 (रीट) के परीक्षा प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी लिंक पर बुधवार को अपलोड कर दिये है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सचिव और रीट की समन्वयक मेघना चौधरी ने अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत निर्देश जारी किये है।

निर्देशों में बताया गया है कि रीट परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रविष्ठ होने के लिए परीक्षा प्रवेश पत्र, फोटो युक्त मूल आई.डी. मुख्यत: आधार कार्ड एवं इसके अनुपलब्ध होने पर अन्य राजकीय फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा-चुनाव पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि मय स्व-हस्ताक्षरित फोटोप्रति लाना अनिवार्य है। इनके अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र, काला/नीला पारदर्शी बॉल पेन, उपरोक्तानुसार पहचान पत्र एवं इसकी स्वप्रमाणित फोटो प्रति के अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु लाना पूर्णत: वर्जित है। परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल, केलक्यूलेटर, ब्लूटूथ या अन्य कोई इलेक्ट्रोनिक उपकरण, घड़ी आदि, किसी प्रकार का आभूषण, पर्स, हैण्डबैग, डायरी इत्यादि लाना निषेध है। परीक्षा केन्द्र पर इन वस्तुओं को रखने व सुरक्षा की कोई व्यवस्था एवं जिम्मेदारी नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा उपरान्त बाहर निकलने तक सम्पूर्ण समय परीक्षार्थी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। परीक्षार्थिओं को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 2 घंटा पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करे ताकि पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग जांच समय से की जा सके। परीक्षार्थी को परीक्षा समय से 1 घण्टा पूर्व तक ही केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी को प्रात: पारी में प्रात: 9 बजे तथा अपरा पारी में अपरा 2 बजे के पश्चात् परीक्षा केन्द्र में प्रवेशाज्ञा नहीं दी जायेगी। परीक्षार्थी को आधी बाहं की शर्ट/टी-शर्ट, कुर्त्ता, कुर्त्ती आदि एवं पैरों में पतले सोल की चप्पल/सेण्डल पहनना ही अनुमत होगा।

चौधरी ने बताया कि उत्तरपुस्तिका में किसी भी प्रश्न से संबंधित एक से अधिक गोले को गहरा भरने पर उत्तर गलत माना जाएगा। परीक्षार्थियों को यह भी सलाह दी गई है कि प्रश्न पत्र पुस्तिका को खोलने के तुरन्त पश्चात् इसमें पृष्ठों की सही संख्या, इनका क्रम, प्रश्नों का क्रम भली भांति जांच लें। प्रश्न पत्र पुस्तिका कटी-फटी प्राप्त होने अथवा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर इसे वीक्षक से मय ओएमआर शीट बदल लें। यह कार्य परीक्षा प्रारम्भ होने से अधिकतम 05 मिनिट तक किया जा सकेगा। बाद में किसी प्रकार का बदलाव करना संभव नहीं होगा। परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का उपयोग करते पाये जाने पर विधि के प्रावधानों के तहत् कठोर कार्यवाही की जायेगी। परीक्षार्थियों से आग्रह किया गया है कि बसों व ट्रेनों की छतों पर यात्र न करें। परीक्षार्थी किसी भी शंका समाधान के लिए रीट परीक्षा कन्ट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 0145-2630436, 2630437, 2630439, मोबाइल न. 7737896908 व 7737804808 पर सम्पर्क कर सकते है।

# मांडलगढ़ पुलिस ने तस्करों की कार का पीछा कर डोडा चूरा जब्त किया

■ पुलिस की जीप को पंक्चर करने के लिए तस्करों ने कील लगा पट्टा फेंका

■ डोडा चूरा से भरी कार को छोड़ तस्कर मौक़े से फरार

**मांडलगढ, (निसं)।** मांडलगढ़ में पुलिस ने एक लग्जरी कार से 152 किलो 600 ग्राम अवैध अफ़ीम डोडाचूरा बरामद कर कार को जब्त किया है। गुजरात नम्बर की कार की पीछे की सीट हटाकर नो बैग में डोडाचूरा भरकर तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है।

मांडलगढ़ थानाधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक आदर्श सिद्धू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्री के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ रोकथाम अभियान के तहत तथा मांडलगढ पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में मांडलगढ डाकबंगले के पास पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान नेशनल हाइवे सडक मार्ग के लाडपुरा की ओर से आई लग्जरी कार चालक ने पुलिस को देख कस्बे के रास्ते पर भगा ले गया। पुलिस ने दो किलोमीटर तक पीछा कर कार को कस्बे के बोलपुरिया में कार को लावारिश हालात में दबोचा। इस बीच अंधेरे का फायदा उठाकर कार में सवार तस्कर कार छोडकर जंगल मे फरार हो गए। कार का पीछा करने के दौरान तस्करों ने टायर पंक्चर करने वाले क़ील लगे पट्टे को पीछा कर रही पुलिस की जीप की ओर फैंका लेकिन पुलिस जीप चालक की सूझबूझ से जीप को पंक्चर होने से बचाकर लगातार तस्करों का पीछा किया।

पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 9 काले बैग में भरा 152 किलो 600 ग्राम अवैध अफ़ीम डोडाचूरा भरा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर तस्करों की तलाश शुरू कर दी हैं। तस्करों का पीछा करने वाली टीम में शामिल मांडलगढ एसएचओ सुरजीत सिंह, एएसआई रामलाल, कॉन्स्टेबल बुद्धराज, देबीलाल, शंकर लाल व गोपाल लाल शामिल थे। सुरजीत सिंह, थानाधिकारी, मांडलगढ ने बताया कि सम्भवत: डोडाचूरा चित्तौडगढ जिले से लाने की जानकारी मिली हैं।

# बलात्कार के चार आरोपियों को 20 वर्ष का कारावास

**करौली , (निसं)।** पोक्सो कोर्ट की विशिष्ठ न्यायाधीश अलका बंसल ने सामूहिक बलात्कार के आरोपी पपलेश, रूपचंद , नकुल,और लीलादयाल को दोष सिद्ध करार देते हुए चारों को अलग -अलग 20 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया।

पोक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार मुदगल ने बताया कि सभी घर वाले खाना खाकर सो गए थे। रात 11 बजे पीड़िता की मां जागी तो उसने देखा कि पीड़िता बिस्तर पर नही थी। सभी ने इधर -उधर ढूंढा तो सड़क पर उसकी चुन्नी मिली। पपलेश पीड़िता को ट्यूशन पढ़ाने आता था। घर बालों ने पपलेश को फोन किया तो उसका नंबर बंद आया। फिर उसके भाई को फोन किया तो बताया कि तुम्हारी बेटी पपलेश के पास है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए 18 जनवरी 2019 को पपलेश को जयपुर से गिरफ्तार किया। पीड़िता ने बताया कि पपलेश मुझे अलग -अलग जगह ले गया और उसके साथी नकुल,रूपचंद और लीलादयाल ने मेरे साथ मेरी मर्जी के विरुद्ध बलात्कार किया। लोक अभियोजक ने बताया की पीड़िता की उम्र 16 वर्ष है। जिसका टोडाभीम थाना पुलिस ने 3 अप्रैल 2019 को कोर्ट में चालान पेश किया इसके कुल 18गवाह और 44 दस्तावेज प्रदर्श किये गये चारो आरोपियों पर 4 लाख 34 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# खातेदारी की भूमि से दस साल बाद दबंगों का कब्जा हटाया

**हिण्डौन सिटी (का.सं.)।** उपखंड अधिकारी अनूप सिंह के निर्देशन में समीप के गांव खेडली गुर्जर मैं एक खातेदारी की जमीन से लगभग 10 वर्ष बाद दबंगों का कब्जा हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया और पीड़ित को कब्जा दिलाया।

उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि परिवादी चौथी लाल पुत्र गिरधारी निवासी खेडली गुर्जर की खसरा नंबर 1016 रकबा 0.60 हेक्टयर भूमि पर कुछ दबंग लोगों ने कब्जा कर रखा था। परिवादी की ओर से इस मामले में जिला कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई। जिसके बाद उपखंड अधिकारी अनूप सिंह तथा तहसीलदार सूरौठ को प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए थे। तहसालदार गजानंद मीणा की ओर से प्रकरण को धारा 183 बी के तहत दर्ज कर पालना के लिए राजस्व टीम व पुलिस जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे सीमा ज्ञान की कार्यवाही की गई। इस दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक सुरेश कोली व पटवारी पंकज जाटव आदि राजस्व विभाग की टीम ने भूमि का सीमा ज्ञान कराया और अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़ित को कब्जा दिलाया।

# सुखदेव सिंह गोगामेडी को पुलिस सुरक्षा देने की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** सुखदेव सिंह गोगामेडी को पाकिस्तान से मिली जान से मारने की धमकी के आरोप में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुलिस सुरक्षा दिलवाने की माँग उठाते हुए जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन दिया है।

वहीं सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सुखदेव सिंह गोगामेडी सुप्रीमो श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना को विगत 16 जून की सांयकाल में एक अज्ञात पाकिस्तानी नंबर से धमकी भरा कॉल प्राप्त हुआ है, जिसमें फोन करने वाले ने गोगामेडी को जान से मारने की धमकी दी है।

साथ ही बताया कि गोगामेडी करणी सेना के प्रमुख होने के साथ-साथ हिन्दुत्व तथा अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने वाली सख्सियत हैं, जो निरंतर समाज के मुद्दों को उठाते रहते हैं, ऐसे में युवाओं व समाज के लोगों को उनकी जान माल की सुरक्षा की चिंता रहती है।

वहीं उन्हें सुरक्षा देनेकी माँग को लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना तहसील अध्यक्ष नवीन सिंह राठौड के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। इसी दौरान दलवीर जाटूवास ग्रामीण अध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह राठौड, संदीप सिंह राठौड, पंकज राठौड, टिंकू राठौड, इन्द्रसिंह राठौड, मोनू राठौड, रघुवीर राठौड, अनिल राठौड व अमित राठौड आदि लोग मौजूद रहे।

# कट्टे में अवैध हथियार लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**खेतड़ी।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल, दूनाली बंदूक सहित नौ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

सीआई विनोद सांखला ने बताया कि एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर

■ आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल, दूनाली बंदूक सहित नौ जिंदा कारतूस बरामद किए





खेतड़ी पुलिस ने हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया।

खेतडी क्षेत्र में अवैध हथियारों व खरीदारों की पहचान को लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत एक टीम का गठन किया गया है। अवैध हथियार रखने वालों की तलाश में गठित की गई टीम पहाड़ी क्षेत्र की तरफ गश्त के लिए गई हुई थी। इस दौरान कांस्टेबल दिनेश कुमार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की खेतड़ी कस्बे से बीलवा की तरफ एक व्यक्ति पीले रंग की टी शर्ट पहनकर आ रहा है व प्लास्टिक के कट्टे में अब अवैध हथियार लेकर जा रहा है। सूचना पर खेतड़ी पुलिस व जिला स्पेशल की टीम ने बीलवा पहाडी की तरफ नाकाबंदी की गई। इस दौरान खेतडी की ओर से आ रहे एक व्यक्ति को रुकवाया। जिसके हाथ में प्लास्टिक कट्टा था। जिसको रोककर पूछने की कोशिश की गई तो वह पहाड़ियों की तरफ भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ कर उसका नाम पूछा तो उसने संजय उर्फ बच्चियां पुत्र गजेंद्र सिंह गुर्जर बंधा की ढाणी तन पपुरना कर रहने वाला बताया। जिसके पास से बरामद हुए प्लास्टिक के कट्टे की जांच की गई तो उसमें एक देशी पिस्टल, एक दूनाली बंदूक व 9 जिंदा कारतूस पाए गए। जब पुलिस ने उसके पास मिले हथियारों के बारे में पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस द्वारा अवैध हथियार की तस्करी के मामले में संजय उर्फ बच्चियां को हिरासत में ले लिया।

# कनकांचल और आदि पर्वत को वन क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर चल रहा धरना समाप्त

## प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया



समझौता पत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद कलेक्टर की मौजूदगी में साधुओं ने धरना समाप्त किया।

■ चिकित्सा मंत्री ने आत्मदाह करने वाले बाबा की कुशलक्षेम पूछी

**भरतपुर (निस)।** प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद बुधवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के साथ ही कनकांचल और आदि पर्वत को वन क्षेत्र घोषित करवाने की मांग पर चल रहा धरना समाप्त हो गया है। पसोपा में पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह की उपस्थिति में प्रदर्शनकारियों ने यह घोषणा की तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का हार्दिक आभार व्यक्त किया। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंच आत्मदाह करने वाले बाबा की कुशलक्षेम पूछी व चिकित्सकों को उपचार में कोई कसर नही रहने की बात कही।

जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने पसोपा में साधु संतों ग्रामीणों की उपस्थिति में समझौता पत्र पढ़ कर सुनाया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस मुद्दे पर पहले दिन से ही संवेदनशील हैं तथा इस मुद्दे पर बेवजह की राजनीति कर गुमराह करना गलत है। किसी को गुमराह कर मोबाइल टावर पर चढ़ ने या स्वयं को आग लगाने के लिये उकसाना गम्भीर बात है। हर व्यक्ति की जान कीमती है। ऐसे कृत्यों को बढ ावा न दें। समझौते के अनुसार कनकांचल और आदि पर्वत को 15 दिन के भीतर वन क्षेत्र घोषित करने की कार्रवाई की जायेगी। इससे पूर्व सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, आईजी, भरतपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर आलोक रंजन और एसपी श्याम सिंह ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमण्डल से कई दौर की वार्ता की, समझाइश की। इसके बाद इन चारों अधिकारियों ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। प्रदर्शकारियों की ओर से गोपेश बाबा, रमा प्रिय, रमाकान्त शास्त्री, सुनील सिंह, हरीबोल बाबा, महन्त शिवराम दास, भूरा बाबा, मुकेश शर्मा, मोहना, सुल्तान गुर्जर ने हस्ताक्षर किये।

**साधु विजयदास एसएमएस में भर्ती :** पसोपा में आत्मदाह का प्रयास करने वाले साधु विजयदास को बुधवार शाम 4 बजकर 40 मिनट पर एसएमएस, जयपुर के लिये रैफर किया गया।



मैं द्विपक्षीय श्रृंखलाओं की संख्या को लेकर थोड़ा सतर्क हूं विशेषकर टी20 क्रिकेट में। काफी फ्रेंचाइजी क्रिकेट हो रहा है जिसे बढ़ावा दिया जा सकता है, फिर यह चाहे किसी भी देश में हो- भारत, वेस्टइंडीज या पाकिस्तान।
- रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, फ्रेंचाइजी क्रिकेट को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## मार्क वुड

**मार्क वुड** ने ख़ुलासा किया है कि उनके दाएं कोहनी पर इस हफ़्ते एक और सर्जरी होनी है और इसके चलते वह इंग्लैंड के लिए इस घरेलू सीज़न में उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले वह मैदान पर वापसी कर लेंगे। वुड को वेस्टइंडीज़ के दौरे पर पहले टेस्ट के दौरान उनकी कोहनी में परेशानी शुरू हुई थी। ज्वाइंट में एक हड्डी का टुकड़ा उन्हें आसानी से हाथ सीधा नहीं करने दे रहा था और उस महीने के अंत में सर्जरी के ज़रिए इस हड्डी को हटाया गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्गित स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## मैं टी-20 विश्वकप एकादश में कोहली को जरूर जगह दूंगा : रिकी पोंटिंग

**एक विपक्षी कप्तान या खिलाड़ी के रूप में मैं हमेशा ही विराट कोहली का सामना करने से डरूंगा। मुझे पता है कि उनके लिए यह कठिन समय चल रहा है, लेकिन सभी महान खिलाड़ी ऐसे दौर से गुज़रे हैं और फिर वापसी भी करते हैं। विराट कोहली भी जल्द ही इससे उबर जाएंगे, यह बस थोड़े समय की बात है**



मेलबोर्न, 20 जुलाई। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ और कप्तान रिकी पोंटिंग का कहना है कि विराट कोहली के वर्तमान ख़राब फ़ॉर्म के बावजूद वह उन्हें टी20 विश्व कप के पहले मैच में खिलाना पसंद करेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बात कही।

पोंटिंग ने कहा, एक विपक्षी कप्तान या खिलाड़ी के रूप में मैं हमेशा ही विराट कोहली का सामना करने से डरूंगा। मुझे पता है कि उनके लिए यह कठिन समय चल रहा है, लेकिन सभी महान खिलाड़ी ऐसे दौर से गुज़रे हैं और फिर वापसी भी करते हैं। विराट कोहली भी जल्द ही इससे उबर जाएंगे, यह बस थोड़े समय की बात है।"

कोहली ने सितंबर, 2019 से कोई अंतर्राष्ट्रीय शतक नहीं लगाया है। आईपीएल के दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ़ 116 का रहा, जो कि कम से कम 250 गेंद खेलने वाले बल्लेबाज़ों में सबसे कम था। लेकिन पोंटिंग, कोहली का समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, "अगर मैं भारतीय टीम प्रबंधन होता तो मैं कोहली का समर्थन करता ताकि उनका आत्मविश्वास वापस आ सके। अगर मैं टीम का कप्तान या कोच होता तो मैं कोहली और उनकी आसपास की चीज़ों को बहुत ही सरल बनाता ताकि वह जितना हो सके उतना सहज महसूस कर सकें। अगर वह सहज होंगे तो जल्द से जल्द वह अपनी लय में लौट सकेंगे।" पोंटिंग ने आगे कहा, "इसलिए मैं किसी और को उनकी जगह खिलाने की बजाय उनको ही आत्मविश्वास देता ताकि वे टूर्नामेंट के अंत तक आते-आते अपना सर्वश्रेष्ठ वापस दे सके। अगर टी20 विश्व कप में विराट की जगह कोई खेलता है और उसका टूर्नामेंट अच्छा जाता है तो विराट के लिए टीम में वापसी करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। "

हालांकि पोंटिंग कोहली से ओपनिंग कराने के तर्क से सहमत नहीं दिखे। उन्होंने कहा, "किसी एक आदमी के लिए टीम का संतुलन बिगाड़ना सही नहीं है।" पोंटिंग ने अपनी बातों को विस्तार देते हुए कहा, "कोहली का फ़ॉर्म वापस आ जाए, इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन अलग-अलग और नए तरीक़े से कोशिश कर रहा है। इसी कोशिश में उनसे कुछ मैचों में पारी की शुरुआत भी कराई गई। लेकिन इससे आप कोहली को सहज नहीं बल्कि परेशान कर रहे हैं। अगर मैं रहता तो मैं उनसे कहता कि नंबर तीन आपकी जगह है, जहां आप लंबे समय से बल्लेबाज़ी करते आए हैं। यह बदलने वाली नहीं है। इसलिए आप ख़ुद पर भरोसा रखिए और यह भी समझिए कि आपने पिछले कुछ सालों में ऐसा क्या किया है, जिससे आप एक महान खिलाड़ी बनें हैं। ऐसा करने से उनके रन वापस आ सकते हैं।"

## राष्ट्रमंडल खेलों में निडर होकर खेलें खिलाड़ी : मोदी

नयी दिल्ली, 20 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिये चुनी गयी भारतीय टीम के खिलाड़ियों से बात करते हुए कहा कि उन्हें दबाव लिये बिना अच्छा और दमदार खेल खेलना है। मोदी ने कहा, आने वाले 10-15 दिन भारतीय खिलाड़ियों के लिए दुनिया पर हावी होने का सुनहरा मौका है। मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। जमकर खेलें, पूरी ताकत से खेलें और बिना किसी तनाव के खेलें। आपने वो डायलॉग तो सुना ही होगा- कोई नहीं है टक्कर में, कहां पड़े हो चक्कर में। आपको इसी रवैये के साथ खेलना है।

मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार हिस्सा ले रहे 65 खिलाड़ियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा, जो 65 से ज्यादा एथलीट पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं, मुझे विश्वास है कि वो भी अपनी जबरदस्त छाप छोड़ेंगे। आप लोगों को क्या करना है, कैसे खेलना है, इसके आप एक्सपर्ट हैं।

मोदी ने कहा, आज आप जैसे खिलाड़ियों का हौसला भी बुलंद है, ट्रेनिंग भी बेहतर हो रही है और खेल के प्रति देश में माहौल भी जबरदस्त है। आप सभी नए शिखर चढ़ रहे हैं, नए शिखर गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस है, और इत्तेफाक से 28 जुलाई को जब बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल शुरू होंगे तब भारत के महाबलीपुरम में शतरंज ओलंपियाड की शुरुआत भी होगी।

इस दौरान खिलाड़ियों ने भी श्री मोदी से अपना अनुभव साझा किया। अविनाश साबले ने श्री मोदी को बताया कि भारतीय सेना में उनके प्रशिक्षण ने उन्हें स्टीपलचेज़ के लिये तैयार होने में मदद की। पश्चिम बंगाल के अंचिता शुली ने कहा कि योगा से उन्हें शांत रहने में और भारोत्तोलन में मदद मिलती है।

बैडमिंटन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली त्रीसा जॉली ने बताया कि किस तरह उनके पिता ने उन्हें बैडमिंटन खेलने के लिये प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने झारखंड की सलीमा टेटे के टोक्यो ओलंपिक में प्रदर्शन के लिये उनकी तारीफ की और उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में भी इसी तरह खेलने के लिये प्रोत्साहित किया।

हरियाणा की पैरा-एथलीट शर्मीला ने देश के लिये खेलने तक के अपने सफर में आने वाली अड़चनों को याद किया। श्री मोदी ने उनके हौसले और दृढ़ निश्चय के लिये उनकी सराहना की।

## बुमराह को पछाड़कर बोल्ट बने शीर्ष वनडे गेंदबाज

दुबई, 20 जुलाई। भारत के शीर्ष गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गयी एकदिवसीय श्रृंखला के तीसरे मैच से बाहर रहने के कारण आईसीसी रैंकिंग में नुकसान हुआ है। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताज़ा रैंकिंग के अनुसार बुमराह की गैर-मौजूदगी में न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट 704 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर आ गये हैं, जबकि बुमराह 703 पॉइंट के साथ दूसरे पायदान पर हैं। बुमराह एक तरफ़ जहां रैंकिंग में नीचे आये हैं, वहीं उनके साथी गेंदबाज़ों ने एकदिवसीय रैंकिंग में ऊपर की ओर छलांग लगायी है। युज़वेंद्र चहल गेंदबाज़ो की फ़हरिस्त में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वीं रैंकिंग पर आ गये जबकि हार्दिक पांड्या ने ऑल-राउंडर रैंकिंग के शीर्ष 10 को भेदते हुए आठवां स्थान हासिल कर लिया। चहल ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रंखला में सात विकेट लिये थे, जबकि पांड्या ने छह विकेट लेकर 100 रन बनाये थे। युवा बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने इंग्लैंड श्रंखला के आखिरी मैच में 125 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर 25 पायदान की विशाल छलांग लगायी और 52वें स्थान पर आ गये।

## डोस सैंटोस ने जीता 400 मीटर बाधा स्वर्ण

यूजीन, 20 जुलाई। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एलिसन डोस सैंटोस ने मंगलवार को (भारत में बुधवार सुबह) विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 46.29 सेकंड के रिकॉर्ड समय के साथ पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। ब्राज़ील के डोस सैंटोस ने इस जीत के साथ अपना पहला विश्व खिताब हासिल कर लिया। साथ ही वह चैंपियनशिप की 400 मीटर बाधा दौड़ में पदक जीतने वाले पहले दक्षिण अमेरिकी बन गये। उन्होंने इतिहास के तीसरे सबसे तेज़ समय में दौड़ को पूरा करके ब्राज़ीलियन, दक्षिण अमेरिकी और अमेरिकी ऑल-कमर्स रिकॉर्ड स्थापित किया। डोस सैंटोस ने जीत के बाद कहा, दर्शकों की ऊर्जा अद्भुत थी। मैंने उनका प्रेम महसूस किया। जब आप जीतते हैं तो सबसे पसंदीदा बन जाते हैं। इसी बीच, अमेरिका के राई बेंजामिन ने 46.89 सेकंड में दौड़ को पूरा करके तीसरी बार रजत जीता जबकि उनके हमवतन ट्रेवर बसीट ने फ्रांस के विलफ्रेड हैपियो को पछाड़ते हुए 47.39 के समय के साथ कांस्य प्राप्त किया।

## हार के साथ समाप्त हुआ स्टोक्स का एकदिवसीय करियर

चेस्टर ली स्ट्रीट, 20 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका ने रैसी वान डेर डुसेन (134) के शतक और एडेन मार्करम (77) के अर्द्धशतक की बदौलत इंग्लैंड को एकदिवसीय श्रंखला के पहले और बेन स्टोक्स के एकदिवसीय करियर के आखिरी मैच में 62 रन से मात दी।

दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के सामने 50 ओवर में 334 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन इंग्लैंड इसके जवाब में 271 रन पर ऑल-आउट हो गयी और स्टोक्स को जीत के साथ विदा नहीं कर सकी। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच खेल रहे बेन स्टोक्स भी सिर्फ पांच रन ही बना सके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाज़ी के लिये बुलाया, लेकिन गेंद से खासा कमाल नहीं कर सकी। सलामी बल्लेबाज़ जानेमन मलान (57) ने टीम को मज़बूत शुरुआत दिलायी, जिसके बाद वान डेर डुसेन और मार्करम ने इंग्लैंड के बल्लेबाज़ों को पस्त कर विशाल स्कोर खड़ा किया।

वान डेर डुसेन ने 117 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 134 रन बनाये, जबकि मार्करम ने 61 गेंदों पर नौ चौके लगाकर 77 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के 333/5 का जवाब देने उतरी इंग्लैंड प्रोटियाज़ की कसी हुई गेंदबाज़ी के सामने हाथ खोलने में नाकाम रही। इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने सर्वाधिक 86(77) रन बनाये। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो ने 63(71) और जेसन रॉय ने 43(62) रन बनाये। अफ्रीका की ओर से आनरिक नॉर्खेया ने 8.5 ओवर में 53 रन देकर चार विकेट लिये। उन्होंने जो रूट का महत्वपूर्ण विकेट भी अपने नाम किया।

## उच्चतम न्यायालय ने बीसीसीआई की याचिका पर सुनवाई स्थगित की

नयी दिल्ली, 20 जुलाई। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की उस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी जिसमें बीसीसीआई ने अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह सहित अपने पदाधिकारियों के कार्यकाल के संबंध में संविधान में संशोधन का आग्रह किया था।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने मामले को गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया क्योंकि बीसीसीआई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने सुनवाई स्थगित करने की मांग की थी।

बिहार क्रिकेट संघ की ओर से पेश वकील ने कहा कि पदाधिकारी अपने कार्यकाल को जारी रखे हुए हैं जबकि तकनीकी रूप से उनका कार्यकाल खत्म हो चुका है। पीठ ने कहा, "कल, एक दिन में कुछ नहीं होगा। जल्दी क्या है?" भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी भी इस मामले में खुद को पक्ष बनाने की स्वीकृति लेने के लिए पेश हुए।

इससे पहले पीठ बीसीसीआई की याचिका पर आपात सुनवाई के लिए राजी हो गई। बीसीसीआई अपने पदाधिकारियों के कार्यकाल के संबंध में अपने संविधान को संशोधित करने की स्वीकृति मांग रहा है।

बीसीसीआई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया ने कहा कि उनका आवेदन दो साल पहले दायर किया गया था और दो हफ्ते बाद अदालत ने इस मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। पटवालिया ने कहा, "लेकिन इसके बाद कोविड (महामारी) आ गया और मामले को सूचीबद्ध नहीं किया जा सका। कृपया इस मामले को आपात सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कीजिए क्योंकि दो साल से संविधान में संशोधन का इंतजार किया जा रहा है।" पटवालिया ने कहा कि न्यायालय के पूर्व के आदेश में कहा गया था कि संविधान में संशोधन न्यायालय की स्वीकृति के बाद ही किया जा सकता है।

इससे पहले न्यायमूर्ति आरएम लोढा की अगुआई वाली समिति ने बीसीसीआई में सुधारवादी कदम उठाने की सिफारिश की थी जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार किया था।

सिफारिशों के अनुसार राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई के स्तर पर छह साल के कार्यकाल के बाद पदाधिकारियों को तीन साल के ब्रेक से गुजरना होगा।

बीसीसीआई ने अपने प्रस्तावित संशोधन में अपने पदाधिकारियों के लिए ब्रेक के समय को खत्म करने की स्वीकृति देने की मांग की है जिससे कि बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली और सचिव शाह संबंधित राज्य क्रिकेट संघों में छह साल पूरे करने के बावजूद अपने पदों पर बने रह पाएंगे।

## रैपिड फायर पिस्टल टीम ने जीता रजत

चांगवन (दक्षिण कोरिया), 20 जुलाई। अनीश भानवला, समीर और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने बुधवार को निशानेबाज़ी विश्व कप की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। भारत (578-19) और चेक गणराज्य (572-15) ने दूसरे क्वालिफिकेशन स्टेज में शीर्ष दो में जगह बनाकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया था, हालांकि फाइनल में चेक गणराज्य के मार्टिन पोद्रास्की, थॉमस टेहान और माटेज रामपुला से 15-17 से हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे स्थान पर संतोष किया। पहले क्वालिफिकेशन स्टेज में 866-28 के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा था। इसी बीच, कोरिया ने कांस्य पदक मुकाबले में जापान पर 17-1 से दमदार जीत दर्ज की।

## राष्ट्रीय खेलों में पहली बार मल्लखंब, योगासन शामिल

नयी दिल्ली, 20 जुलाई। भारत के लोकप्रिय खेल मल्लखंब और योगासन आगामी राष्ट्रीय खेलों में पहली बार शामिल किये जाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईओए ने कहा कि 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच होने वाले राष्ट्रीय खेलों में 36 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। यह खेल गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में आयोजित होंगे। उल्लेखनीय है कि केरल में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 33 खेलों को शामिल किया गया था। आईओए के महानिदेशक राजीव मेहता ने आयोजन के बारे में कहा, यह अब तक के सर्वश्रेष्ठ खेल होने वाले हैं। गुजरात सरकार राज्य के ओलंपिक संघ और अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर पहले ही दिन रात काम कर रही है ताकि यह खेल दर्शकों को मनोरंजन देने के साथ-साथ गुजरात की क्षमता, बुनियादी ढांचा, संस्कृति और परंपरा का प्रतिनिधित्व भी करें। उन्होंने कहा, आईओए तकनीकी मामलों में समन्वयन सुनिश्चित करने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिये हमेशा आयोजकों के साथ खड़ा है। यह खेल पांच साल के लंबे समय के बाद आयोजित हो रहे हैं। इस बार के आयोजन में जल क्रीड़ा, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, कैनोइंग और कयाकिंग, साइकिलिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, जिम्नास्टिक, गोल्फ, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, लॉन बॉल, मल्लखंब, नेटबॉल, रोलर स्केटिंग, रोइंग, रग्बी 7एस, शूटिंग, सॉफ्ट बॉल, सॉफ्ट टेनिस, स्क्वैश, टेबल टेनिस, टाइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलॉन, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, वुशु और योगासन को शामिल किया गया है।

## 2023 में अपने विश्व चैम्पियनशिप खिताब का बचाव नहीं करेंगे कार्लसन

लंदन, 20 जुलाई। पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने बुधवार को कहा कि वह 2023 में अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब को डिफेंड नहीं करेंगे। मौजूदा नियमों के मुताबिक कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विजेता रूस के इयान नेपोम्नियाचची अब विश्व चैंपियनशिप में उपविजेता चीनी विश्व नंबर दो डिंग लिरेन के खिलाफ खेलेंगे।

कार्लसन ने 'द मैगनस इफेक्ट' नामक पॉडकास्ट के दौरान कहा, मैंने अपनी टीम के लोगों से, फिडे से और इयान से भी बात की है। निष्कर्ष यही है कि मैं एक और मैच खेलने के लिए प्रेरित नहीं हूं। मुझे बस लगता है कि मेरे पास हासिल करने के लिए बहुत कुछ नहीं है। मुझे कोई विशेष रूचि नहीं है, और हालांकि मुझे यकीन है कि एक आखिरी मैच ऐतिहासिक कारणों से दिलचस्प होगा, मगर मैं यह मैच नहीं खेलूंगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्लसन ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के अंतिम सप्ताहांत में मैड्रिड में विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच और फिडे के महानिदेशक एमिल सुतोव्स्की के साथ 40 मिनट की बैठक की।

31 वर्षीय कार्ल्सन ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में वापसी की संभावनाओं को समाप्त नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह विश्व चैंपियनशिप के अलावा शतरंज के भीतर सक्रिय रहेंगे। मैग्नस निकट भविष्य में कई मैच खेलने वाले हैं। वह वर्तमान में ज़ाठोब में ग्रैंड शतरंज टूर में हिस्सा ले रहे हैं, जिसके बाद वह चेन्नई में 44वें शतरंज ओलंपियाड 2022 में नॉर्वे का प्रतिनिधित्व करने के लिए जाएगें।

## दक्षिण अफ्रीका टी-20 में चेन्नई ने खरीदी फ्रेंचाइजी

चेन्नई, 20 जुलाई। चार बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स की मालिक चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट लिमिटेड (सीएसकेसीएल) ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की नयी टी20 लीग में फ्रेंचाइजी के अधिकार हासिल कर लिये हैं। जनवरी 2023 में होने वाली टी20 लीग में छह टीमों के अधिकार बिकने थे, जिसमें से सीएसकेसीएल ने जोहान्सबर्ग फ्रेंचाइज़ी के अधिकार अपने नाम किये।

सीएसकेसीएल ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा, बुलरिंग के नाम से मशहूर जोहान्सबर्ग का वांडरर्स स्टेडियम फ्रेंचाइज़ी का घरेलू मैदान होगा। द वांडरर्स का क्रिकेट इतिहास समृद्ध रहा है, जिसमें 2007 टी20 विश्व कप फाइनल सहित कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की मेजबानी की गई थी। चेन्नई सुपर किंग्स दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 2009 के आईपीएल में सेमीफाइनलिस्ट था, जबकि चैंपियन्स लीग 2010 में वह वांडरर्स, जोहान्सबर्ग में वॉरियर्स को हराकर चैंपियन बनकर उभरा था।

## विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन सकते है शफीक : बाबर आजम

गॉल, 20 जुलाई। अब्दुल्लाह शफ़ीक़ ने अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज़ में की हैं। अपने छठे ही टेस्ट में नाबाद 160 रनों की पारी के साथ उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता और पाकिस्तान को गॉल में सर्वोच्च सफल लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अपनी पहली 11 पारियों में 720 रन बनाकर वह विश्व के दिग्गज बल्लेबाज़ों की सूची में जा पहुंचे हैं। उनके कप्तान बाबर आज़म भी उनके खेल से काफ़ी प्रभावित हुए हैं। बाबर को लगता है कि शफ़ीक़ विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ बन सकते हैं।

शफ़ीक़ की लाजवाब पारी ने सुर्ख़ियां बटोरी जिसमें उन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़े। अब तक के अपने छोटे टेस्ट करियर में उन्होंने 80 की औसत से जो 720 रन बनाए हैं वह छह मैचों के बाद किसी भी पाकिस्तानी बल्लेबाज़ द्वारा सर्वाधिक है। विश्वास करना कठिन है कि उन्होंने केवल एक प्रथम श्रेणी मैच खेलने के बाद नौ महीने पहले बांग्लादेश में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी।

गॉल टेस्ट जीतने के बाद बाबर ने कहा, "एक युवा खिलाड़ी के तौर पर आपको अलग और कठिन परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने क्लास, परिपक्वता और आत्मविश्वास को दर्शाया है।

ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाकर आ रही श्रीलंकाई गेंदबाज़ी का सामना करना उनके आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा। उनका खेलने का अंदाज़ बहुत साफ़ है, जो यह दर्शाता है कि ऐसे और शतक आएंगे। भले ही अभी वह केवल छह मैच खेले हैं और यह कहना अभी जल्दबाज़ी होगी कि वह इस समय विश्व के सर्वश्रेष्ठ ओपनर हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी बन सकते हैं।"

## मिश्र के सैफ अहमद बने एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष

लौसेन (स्विट्ज़रलैंड), 20 जुलाई। मिस्र के सैफ़ अहमद अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यवाहक अध्यक्ष चुने गये हैं। एफआईएच के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को यह सूचना दी। एफआईएच के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने सोमवार, 18 जुलाई को इस पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। बत्रा के स्थायी उत्तराधिकारी का चयन नवंबर में होना है। अफ्रीकी हॉकी महासंघ (एएफएचएफ) के अध्यक्ष अहमद की एफआईएच के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की घोषणा कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद हुई।

## पी.टी. उषा का राज्यसभा में करतल ध्वनि से स्वागत

नयी दिल्ली, 20 जुलाई। राज्यसभा में नामित सदस्य पिलावुलाकंडी थेक्केपरांबिला उषा (पी.टी. उषा) ने बुधवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली और सदन के सदस्यों ने उनका करतल ध्वनि से स्वागत किया। राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए ओलंपियन धाविका पी.टी. उषा का नाम शपथ लेने के लिए पुकारा तो सदन के सदस्यों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर इस महान धाविका का मेज थपथपा कर और तालियां बजाकर स्वागत किया।

## कराते व कोबुडो ग्रेडिंग सम्पन्न



जयपुर, 19 जुलाई। इण्डियन मार्शल आर्टस् एकेडमी की कराते व कोबुडो बैल्ट ग्रेडिंग न्यू लोहा मण्डी स्थित जमना विद्यापीठ स्कूल में सम्पन्न हुई। जिसमें जयपुर के अनेक स्कूले से आये 413 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बैल्ट ग्रेडिंग के दौरान यलो बैल्ट वर्ग में डॉ. अदीप कौर, अंशिका नवोलिया, लक्ष्य सिंह, तेजपाल। औरेंज बैल्ट में आरोही लखन्द्री, अमन साहनी, देवासिंह, पुनिता पबड। ग्रीन बैल्ट वर्ग में अयान हसन, आयुशी शर्मा, भव्य गराटी। ब्ल्यू बैल्ट में महेन्द्र सिंह रिणवां, लक्ष्यराज सिंह रिणवां, देव भाटी। परपल बैल्ट वर्ग में प्रतीक, शिवराज। ब्राउन बैल्ट वर्ग में अमित साहनी, दिव्यांश चौधरी, पवन जांगिड, देवांशपारीक, दिव्यांशी, महिपाल सिंह राठौड ने अपने अपने वर्गमें अच्छा प्रदर्शन कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं 7 छात्र-छात्राओं जिनमें प्रत्युषा मान, रितु कटारिया, दर्शक पारीक, आयुशी बकोडिया, अनिरुद्ध लश्करी, यशवर्धन यादव एवं आयुषी अग्रवाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बैल्ट प्राप्त किया।

## पुजारा का काउंटी में पांचवां शतक, सुंदर का ड्रीम डेब्यू

लंदन, 20 जुलाई। काउंटी क्रिकेट में मंगलवार का दिन दो भारतीयों के नाम रहा। ससेक्स की ओर से खेलते हुए चेतेश्वर पुजारा ने अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा और सीज़न का अपना पांचवां शतक लगाया। दूसरी तरफ़ स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने काउंटी क्रिकेट में अपना डेब्यू करते हुए चार विकेट लिए। मिडिलसेक्स के ख़िलाफ़ इस सीज़न का अपना सातवां मैच खेलने उतरे पुजारा अपने पुराने रंग में दिखें और टॉम ऐल्सॉप (135) के साथ तीसरे विकेट के लिए 219 रन जोड़े।

इस साझेदारी की मदद से ससेक्स ने पहले दिन चार विकेट पर 328 रन बनाए। पुजारा 115 रन पर नाबाद हैं। मिडिलसेक्स की तरफ़ से तेज़ गेंदबाज़ टॉम हेल्म ने 63 रन देकर 3 विकेट लिए, वहीं भारतीय तेज़ गेंदबाज़ उमेश यादव को एक भी विकेट नहीं मिल सका। उमेश सीज़न के अपने पहले काउंटी मैच की दो पारियों में भी सिर्फ़ दो ही विकेट ले पाए थे। हालांकि इस दौरान नाबाद 44 रन की आतिशी पारी खेल उन्होंने सुर्ख़ियां बटोरी थी। दूसरी तरफ़ सुंदर ने नॉर्थैंप्टनशायर के ख़िलाफ़ लंकाशायर की ओर से पहले दिन 4 विकेट लिए। उन्होंने विपक्षी कप्तान विल यंग को अपने स्पेल की दूसरी ही गेंद पर 2 रन के निजी स्कोर पर आउट किया। इसके बाद उन्होंने क्रीज़ पर टिक कर खेल रहे रायन रिकलटन (22) और रॉब कियो (54) को भी चलता किया। अंत में दिन का अंतिम विकेट भी सुंदर को मिला, जब उन्होंने टॉम टेलर को पवेलियन भेजा। सुंदर की गेंदबाज़ी की बदौलत लंकाशायर, नॉर्थैंप्टनशायर को पहले दिन 218 रन पर रोकने में क़ामयाब रही, जबकि उसके सात विकेट गिर चुके हैं। दिन के खेल के बाद सुंदर ने कहा, "मुझे यहां पर आकर और लंकाशायर के लिए काउंटी डेब्यू करके बहुत अच्छा लग रहा है।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022


**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29129740 एवं 33868801 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. सोलंकी किराना एण्ड जनरल स्टोर 2. किशन सिंह सोलंकी 3. संजू सोलंकी | 16.07.2022 | 54,67,578.04/- | **सम्पत्ति-1**-प्लाट नं.13, क्षेत्रफल 24x45=1080 वर्गफिट अर्थात 120 वर्गगज, जयनारायण व्यास कॉलोनी, सूरसागर, जोधपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आम रास्ता 25 फिट चौडा, और चौक, पश्चिम-प्लाट नं.14, उत्तर-15 फिट चौडी गली दक्षिण-प्लाट नं.12 **सम्पत्ति-2**-प्लाट नं.14, क्षेत्रफल 24x45=1080 वर्गफिट अर्थात 120 वर्गगज, जयनारायण व्यास कॉलोनी, सूरसागर जोधपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड 15 फिट, पश्चिम-प्लाट नं. 11, उत्तर-15 फिट चौडी गली, दक्षिण-प्लाट नं.13 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 21.07.2022
स्थान- जोधपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)



''अमेरिकन वैस्ट'' उजड़े और परित्यक्त, कस्बों (गोस्ट टाउन) से भरा है। लेकिन कोई भी गोस्ट टाउन यदाकदा जीवंत भी हो सकता है, खासकर तब जब इसकी लोकेशन फिर से प्रासंगिक बन जाए। कभी -कभी कस्बों के आसपास हाईवे बनने से ऐसा होता है। लेकिन, एरिज़ोना के ओटमैन टाउन का मामला अलग है क्योंकि इस कस्बे के पुनः जीवंत होने का कारण है जंगली गधों की भारी आबादी। यह टाउन 19वीं सदी के मध्य में बना था। इसकी शुरूआत एक कैम्प के रूप में हुई थी। फिर 20वीं सदी में यहां सोना मिला और उसके बाद टाउन विकसित हो गया तथा एक साल में ही इसकी आबादी 3 हजार हो गई। लगभग दस साल तक यह क्षेत्र अमेरिकन वैस्ट का सबसे बड़ा स्वर्ण उत्पादक रहा है। टाउन का नाम ऑलिव ओटमैन के नाम पर रखा गया, जिसे उन्नीसवीं सदी के मध्य में अमेरिका के मूल निवासियों ने अपहरण करके गुलाम बना लिया था और जिसके कारण वो फेमस हो गया था। शहर में बार के बाहर अभी भी ऑलिव का नाम लिखा हुआ है और उसका पोर्ट्रेट भी लगा है। स्वर्ण भंडार खत्म होने के बाद लोगों ने यह शहर छोड़ दिया और शहर उजड़ गया, पर सोने की खोज में यहाँ आए लोगों ने अपने गधे यहीं छोड़ दिए। जंगली गधे खुले में घूमने लगे। लगभग 50 साल तक किसी ने इनकी सुध नहीं ली फिर एक छोटा समुदाय यहां बस गया और उन्होंने ओटमैन टाउन की छवि और गधों की आबादी को देखते हुए इस शहर को एक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कर लिया। इस छोटे से कस्बे में जहाँ -तहाँ घूमते गधों को देखने और पुराने जमाने की यादे ताजा करने खूब पर्यटक आते हैं। यहां एक छोटा सा म्यूज़ियम भी है जिसमें जेल का अंदरूनी भाग और माइन टनल दिखाई देते हैं।

# नूपुर शर्मा को मारने आया पाक घुसपैठिया 20 किमी पैदल चला, पांच बसें बदली

- बॉर्डर पार करने के लिए घुसपैठिये ने 20 किलोमीटर का रास्ता गूगल मैप के सहारे तय किया।
- पाकिस्तान में मौलवियों से मीटिंग करने के बाद आरोपी घुसपैठिये रिजवान अशरफ ने नूपुर शर्मा की हत्या की योजना बनाई।
- आरोपी गंगानगर से अजमेर दरगाह जाकर चादर चढ़ाना चाहता था, उसके बाद उसकी योजना नूपुर शर्मा की हत्या करने की थी।

बीकानेर, 20 जुलाई (कासं)। नूपुर शर्मा की हत्या करने पाकिस्तान से आए घुसपैठिए ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। श्रीगंगानगर पुलिस के दावों के अनुसार पाक से बॉर्डर तक आने के लिए उसने 5 बसें बदली थीं। बॉर्डर पार करने के लिए 20 किमी तक पैदल चला। गूगल मैप के सहारे उसने यह दूरी तय की। नूपुर की हत्या का प्लान भी घुसपैठिए ने पाक में हुई मौलवियों की मीटिंग के बाद बनाया।

श्रीगंगानगर एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि आरोपी रिजवान अशरफ (24) इंटरनैशनल बॉर्डर से करीब 180 किमी दूर पाक के पंजाब सूबे के कोठियाल शेख का रहने वाला है। गत 16 जुलाई की रात करीब 11 बजे हिन्दुमलकोट बॉर्डर फेंसिंग पर पैट्रोलिंग टीम ने रिजवान को पकड़ा था।

तलाशी लेने पर उसके पास से दो चाकू मिले। इसमें से एक 11 इंच का धारदार चाकू था।

इसके अलावा धार्मिक किताबें, मैप, कपड़े और खाने का सामान भी मिला। पैट्रोलिंग टीम ने रिजवान को पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने उसे लोकल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे पांच दिन के लिए रिमांड पर भेज दिया गया था।

एडीजी (सिक्योरिटी) एस. सेंगाथिर श्रीगंगानगर पहुंच गए हैं। वे इलाके में हालत का जायजा ले रहे हैं। अफसर घुसपैठिए से कुछ नया जानने और उसके भारत में किसी संगठन से कनैक्शन खंगालने की कोशिश कर रहे हैं।

गंगानगर एसपी आंनद शर्मा ने बताया कि पूछताछ में रिजवान ने कई खुलासे किए। उसने बताया- वो नूपुर शर्मा के विवादित बयान देने के बाद से बहुत गुस्से में था। वो उसे मारना चाहता था। इसीलिए वो अपने गांव से बॉर्डर क्रॉस करके भारत में घुसा था। एसपी शर्मा के मुताबिक उसे नहीं पता था कि वह भारत की किस पोस्ट पर पहुंचेगा या नूपुर शर्मा कहां रहती है। इसके बावजूद उसने भारत आने का फैसला किया। एसपी ने बताया कि फिलहाल इन्वेस्टिगेशन चल रहा है। एसपी और सेना के बड़े अधिकारी भी पूछताछ के लिए पहुंचेंगे।

सूत्रों से पता चला है कि नूपुर की विवादित टिप्पणी को लेकर पाकिस्तान के पंजाब सूबे के कई इलाकों में कट्टरपंथियों और मौलवियों की बैठक हुई थी।

भारत में घुसने के बाद रिजवान श्रीगंगानगर से अजमेर दरगाह जाना चाहता था। वहां चादर चढ़ाने के बाद उसका नूपुर शर्मा की हत्या करने का प्लान था।

## नीट परीक्षा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में कुल 936 परीक्षार्थियों ने परीक्षा देनी थी, जिनमें से 238 विद्यार्थी हिन्दी माध्यम और बाकी 698 विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम के थे।

परीक्षार्थियों के परीक्षा भवन में जाने के बाद सभी को प्रश्न पत्र दिए गए, जिनको सभी परीक्षार्थियों ने लगभग 2 बजे खोला तो इसमें हिन्दी माध्यम के बच्चों के पास भी अंग्रेजी माध्यम के प्रश्न पत्र दिये गए। जिस कारण हिन्दी माध्यम के परीक्षार्थी अपनी परीक्षा नहीं दे पाए। पूरे वर्ष परीक्षा की तैयारी करने के बाद परीक्षा के दिन परीक्षा नहीं दे पाना इन छात्रों के लिए बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस विषय में जल्द ही कार्यवाही की जायेगी।

# भरतपुर के पसोपा गांव में साधु ने अवैध खनन के विरोध में आग लगाई

## साधु विजय दास बाबा को गंभीर हालत में जिला आर.बी.एम. अस्पताल में भर्ती कराया गया है

- बाबा को पहले डीग कस्बे के अस्पताल लाया गया, किन्तु उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया, जो अब पुलिस छाबनी में तब्दील किया जा चुका है।
- एक अन्य साधु, नारायण दास मोबाइल टावर पर चढ़े हुए हैं, जिसके कारण क्षेत्र में इन्टरनैट सेवाएं बंद हैं।

भरतपुर, 20 जुलाई (निसं)। कनकाचल व आदि बद्री पर्वत क्षेत्र में आज एक साधु विजय दास बाबा ने अवैध खनन के विरोध में अपनी झोपड़ी में आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गए।

मिली जानकारी के अनुसार भरतपुर जिले के डीग क्षेत्र के पसोपा गांव में साधु- संत अवैध खनन को रोकने के लिए पिछले काफी समय से धरना दे रहे हैं। इसे लेकर आज सुबह विजय दास बाबा ने अपनी झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगा ली। बाबा के अचानक आग लगाने के बाद पुलिस प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ियों को भेजा गया और झुलसे बाबा को डीग कस्बे के अस्पताल लाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया।

बाबा के अस्पताल पहुंचने से पहले अस्पताल परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।

दूसरी ओर पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने सम्भागीय आयुक्त सभागार में प्रेसवार्ता कर कहा कि राज्य सरकार ब्रज के धार्मिक आदिबद्री एवं कनकांचल पर्वतों पर हो रहे खनन को रोकने, इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने तथा इस क्षेत्र को वन भूमि घोषित करने की क्षेत्रीय, साधु - संतों की मांग को पूरा करने के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई की शाम को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में साधु-संतों के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता की गयी थी, जिसमें साधु-संतों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से सीधे वार्ता किये जाने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री से इस सम्बंध में तत्काल समय निर्धारित किया गया था। इस बैठक पर साधु-संतों के प्रतिनिधिमण्डल ने 19 जुलाई के प्रस्तावित धरने व आत्मदाह की चेतावनी को स्थगित करने का आश्वासन दिया था। परन्तु वार्ता में हुए निर्णय के बावजूद 19 जुलाई को साधु नारायण दास मोबाइल टावर पर चढ़ गए।

विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि उच्च घनत्व वाली मोबाईल रेडिएशन के खतरे से बाबा को बचाने के लिए सरकार को इंटरनैट सेवा बंद करनी पड़ी जिससे आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, क्षेत्र में इंटरनैट सेवा 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी।

## पाकिस्तान का पासपोर्ट दुनिया में सबसे कमजोर

इस्लामाबाद, 20 जुलाई (वार्ता)। पाकिस्तानी पासपोर्ट को एक बार फिर दुनिया में सबसे निचला स्थान दिया गया है। जियो टीवी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। हाल ही में हेनले पासपोर्ट सूचकांक के अनुसार पाकिस्तान के पासपोर्ट का दुनियाभर के पासपोर्ट में सबसे निचला चौथा स्थान है। यह यमन से एक स्थान नीचे और इराक, सीरिया तथा अफगानिस्तान से तीन पायदान नीचे है। सूचकांक के अनुसार पाकिस्तान को सूची में 109वें स्थान पर रखा गया है, जिसमें दुनिया भर में केवल 31 गंतव्यों के लिए वीजा-मुक्त पहुंच है। इस बीच पिछली रैंकिंग की तुलना में शीर्ष 10 सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों में थोड़ा बदलाव आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के पासपोर्ट की स्थिति अच्छी है।

- इंटरनैशनल रैंकिंग में पाकिस्तानी पासपोर्ट को एक बार फिर दुनिया में सबसे निचला स्थान दिया गया है।

# 'टाइगर के लिए रिज़र्व तो ऊंटों के लिए क्यों नहीं'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश में ऊंटों की घटती संख्या पर चिंता जताई

- राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एस.एस. शिंदे की बैंच ने कहा, महाधिवक्ता 25 जुलाई को अदालत में पेश होकर राज्य सरकार का पक्ष रखें।
- गौरतलब है कि 1982 में ऊंटों की संख्या 7.56 लाख थी जो अब घटकर 2.34 लाख ही रह गई है।

जयपुर, 20 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में ऊंटों की कमी को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि जब टाइगर संरक्षण के लिए रिजर्व बनाया जा सकता है तो फिर यह व्यवस्था ऊंटों के लिए क्यों नहीं हो सकती है। इसके साथ ही अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता को कहा है कि इस गंभीर मामले में महाधिवक्ता को राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए 25 जुलाई को पेश होना चाहिए। सीजे एसएस शिंदे और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि ऊंट बॉर्डर पर बीएसएफ के काम आने सहित बहुत उपयोगी है, लेकिन यह गंभीर बात है कि वर्ष 1982 में इनकी संख्या 7 लाख 56 हजार से कम होकर अब महज दो लाख 34 हजार ही रह गई है। ऊंट को राज्य पशु घोषित करने के संबंध में कानून बनाने के बाद इनकी संख्या में कमी होना गंभीर बात है। वहीं न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि ऊंट के संबंध में कानून बनाते वक्त इनकी संख्या पौने चार लाख थी, लेकिन अब घटकर 2 लाख 34 हजार रह गई है। न्यायमित्र ने कहा कि यह कानून व्यावहारिक नहीं है। पशु पालक को दूसरे राज्य में ऊंट चराने ले जाने के लिए कलैक्टर से अनुमति लेनी होती है और वापस आकर भी इसकी सूचना देनी होती है। यदि वह ऐसा नहीं करेगा तो ऊंट मालिक पर कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन व्यावहारिकता में ऊंट मालिक इतना जागरूक नहीं होता और ना ही कलैक्टर इसे गंभीरता से लेते हैं। वहीं प्रति ऊंट दस हजार रुपए देने का प्रावधान भी धरातल पर नहीं है। ऐसे में हालात ये हो गए हैं कि ऊंट पालने वाले जाति विशेष के लोग ऊंटों को प्रशिक्षण देने के लिए अरब देशों में जाने लगे हैं। गौरतलब है कि ऊंटों की घटती संख्या को लेकर हाईकोर्ट ने पूर्व में भी प्रसंज्ञान लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब किया था।

# सिंगर मूसेवाला के चार शूटरों का एनकाउंटर

चंडीगढ़, 20 जुलाई। पंजाबी सिंगर मूसेवाला मर्डर से जुड़े चार शूटर्स को पंजाब पुलिस ने मार गिराया है। इन चार में से दो शूटर की पहचान हो गई है। इनका नाम जगरुप रूपा और मनप्रीत मन्नू है। बाकी दो इनके साथी बताए जा रहे हैं। पाकिस्तान बॉर्डर के बेहद करीब इलाके में ये एनकाउंटर चल रहा था। मूसेवाला मर्डर में शामिल ये शूटर चिचा भकना गांव में एक पुरानी हवेली में छिपे हुए थे। पुलिस ने एसओजी कमांडो के साथ मिलकर चारों शूटर को मार गिराया।

पूरे इलाके को पुलिस ने सील कर दिया है। एनकाउंटर खत्म हो चुका है। पुलिस ने विक्ट्री का निशान दिखाया है। हवेली में सर्च ऑपरेशन जारी है। गैंगस्टर्स के पास से एके-47, विदेशी पिस्टल और बड़ी संख्या में कारतूस व मैगजीन बरामद हुए हैं। वहीं, इस एनकाउंटर में दो पुलिसकर्मियों को गोली लगने की खबर है और वे घायल हैं। सिद्धू मुसेवाला मर्डर केस में तीन शूटर फरार चल रहे थे। मनप्रीत वही शूटर है, जिसने सबसे पहली गोली मूसेवाला पर चलाई थी। उसने एके 47 से मूसेवाला पर फायर किया था। सूत्रों के मुताबिक, कनाडा में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बरार ने आदेश दिया था कि मनप्रीत ही सबसे पहली गोली मूसेवाला पर चलाएगा।

मनप्रीत जब पंजाब की जेल में बंद था, तब पटियाला गैंग के सदस्यों ने जेल में इसकी जूते-चप्पलों से पिटाई की थी।

# योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमण्डल में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्योंकि मैं आहत हूँ'' उन्होंने अपने विभाग में हुये तबादलों में अनिमितताओं का आरोप लगाया हैं।

खटीक लिखते हैं, मुझे कोई महत्व नहीं दिया गया क्योंकि मैं दलित हुँ, '' एक मंत्री के रूप में, मेरा कोई अधिकार नहीं हैं। मुझे न किसी मीटिंग के लिये बुलाया जाता है तथा मन्त्रालय के बारे में कुछ नहीं बताया जाता है। यह दलित समुदाय का अपमान है।''

एक अन्य मन्त्री, जितिन प्रसाद, जिन्हे भाजपा ने ब्राहमण चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट किया था, मुख्यमंत्री के खिलाफ क्रोध से उबल रहे हैं। वे इस बात से नाराज बताये जाते हैं कि उनकी टीम के एक अफसर को मुख्यमंत्री ने निलम्बित कर दिया हैं।

चूँकि प्रसाद को भाजपा में शामिल करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह थे, इसलिये वे दिल्ली चले गये हैं तथा वहाँ उनकी भाजपा नेतृत्व के साथ उनकी मीटिंग हुई बताते हैं। प्रसाद पिछले वर्ष, उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावों से कुछ माह पहले ही, कांग्रेस छोड़कर भाजपा से गये थे।

प्रसाद को एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मन्त्रालय, पी.डब्ल्यू.डी देकर, पुरूस्कृत किया गया था लेकिन यह विभाग भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कथित रूप से, जाँच के आदेश दिये थे तथा अनेक अधिकारी तबादलों के लिये रिश्वत के मामलों में लिप्त पाये गये।

मंगलवार को, उत्तर प्रदेश सरकार ने, विभागीय तबादलों में हुई गंम्भीर अनियमितताओं को लेकर, पाँच वरिष्ठ अधिकारी निलम्बित कर दिये।

प्रसाद के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी अनिल कुमार पान्डे, जो आई.ए.एस. अधिकारी हैं, भी तबादलों तथा पदस्थापनों के लिये रिश्वत लेने के आरोपियों में शामिल हैं।

पान्डे को ओ.एस.डी. के पद से हटा दिया गया है तथा उनके खिलाफ विजिलेंस इन्क्वायरी शुरू हो गई है।

प्रसाद, जो कांग्रेस-राजनीति में पले-बढ़े हैं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कार्यशैली के अभ्यस्त नहीं हैं। योगी तथा प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली में बहुत समानता है।

कांग्रेस तबादलों तथा पदस्थापनों आदि से सम्बन्धित निर्णय लेने के लिये काफी छूट देती है, लेकिन भाजपा में, इस प्रकार के बड़े निर्णय पी.एम.ओ. या सी.एम.ओ. ही लेता है तथा इस व्यवस्था से वे लोग चिढ़ जाते है तथा परेशान हो जाते हैं, जो अन्य दलों से भाजपा में आये होते हैं।

हालाँकि सूत्रों का कहना है कि पार्टी हाई कमान इन मुद्दों का समाधान करने के लिये इन दोनों मन्त्रियों से बात करने की कोशिश कर रही है। लेकिन ऐसी सम्भावना दिखाई दे रही हैं कि प्रसाद और खटीक शीर्ष नेतृत्व को प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं तथा उन्हे भाजपा हाई कमान से कोई समर्थन मिलने वाला नहीं हैं।

प्रसाद को भ्रम है कि वे बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनकी उपयोगिता अब समाप्त हो चुकी है तथा अब या तो उन्हें दबना पड़ेगा या फिर उन्हें मुख्यमंत्री की कार्यशैली स्वीकार करनी होगी, या फिर उहे बाहर जाना पड़ेगा। लेकिन इस समय उनके पास यह विकल्प नहीं क्योंकि इस समय सौंदेबाजी की स्थिति में भी नहीं हैं।

इस मुद्दे को योगी आदित्य नाथ के लिये एक संकट के रूप में प्रोजेक्ट करने की मीडिया की कोशिश में वस्तुतः एक अटकल मात्र ही है क्योंकि मोदी तथा शाह में से कोई भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को हुक्म नहीं दे सकता। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की तरह ही, योगी आदित्य नाथ ने भी सारी शक्तियों मुख्यमंत्री कार्यालय में केन्द्रित कर रखी हैं। वे अपने अधिकांश मन्त्रियों को ज्यादा छूट या गुजांइश नहीं देते। इस मामले में, केवल वे चन्द साथी अपवाद माने जा सकते हैं, जिन्हें वे काम करने की या कुछ कर दिखाने की कुछ स्वतन्त्रता दे देते हैं।

## खादिम गौहर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाली किसी सकड़ी गली से अनजाने में भी कोई निकलता दिखा तो पुलिस ने उसे वहीं पर ही रूक जाने के संकेत किए। पुलिस दल में अनेक डिप्टी लैवल के अधिकारी व थाना प्रभारी भी शामिल थे। पुलिस ने किसी भी अनहोनी के मध्यनजर अस्त्र-शस्त्र भी ले रखे थे। इसमें आंसू गैस छोड़ने की गन्स व अन्य आग्नेय शस्त्र भी शामिल थे। ज्ञातव्य है कि खादिम गौहर चिश्ती को 14 जुलाई की रात हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था और उसे 15 जुलाई की सुबह अजमेर लाया गया। यहां मजिस्ट्रेट ने उसे 22 जुलाई तक पुलिस अभिरक्षा में रखने के आदेश दिए।

# राजस्थान विश्वविद्यालय के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रकाशित नहीं करवाये हैं।

याचिका में बताया गया है कि ''सर्च कमेटी'' में चार सदस्य होने चाहिये, जिसमें से एक ''युनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन'' (यू.जी.सी.) का प्रतिनिधि भी शामिल होता है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वर्तमान वी.सी. के चयन प्रक्रिया के दौरान यूजीसी के प्रतिनिधि को बुलाया नहीं गया था, इसलिए वी.सी. के नियुक्ति के पत्र पर यूजीसी के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर नहीं हैं।

याचिका में कहा गया है कि ''सर्च कमेटी'' ने 213 उम्मीदवारों में से केवल 4 उम्मीदवारों को वी.सी. के पद के लिए उपयुक्त कैसे समझा, इस पर कोई कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, जिससे यह जाहिर होता है कि यह कमेटी मनमाने तरीके से कार्य कर रही है।

याचिकाकर्ता ने डॉक्टर प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी, जो ''सर्च कमेटी'' के सदस्य थे, पर आरोप लगाया है कि उन्होंने कई तथ्य छुपाए, जिस वजह से उनकी ''सर्च कमेटी'' के सदस्य के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती थी, क्योंकि उनका व्यक्तिगत हित उनके निर्णयों को प्रभावित करते, जिसे ''कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इन्ट्रैस्ट'' कहा जाता है। याचिका में कहा गया है कि ''सर्च कमेटी'' के सदस्यों का राजस्थान विश्वविद्यालय में किसी तरह का जुड़ाव नहीं हो सकता, परन्तु डॉक्टर प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के वी.सी. हैं, इसलिए वह राजस्थान विश्वविद्यालय के सीनेट के पदेन सदस्य हैं। सूत्रों से यह भी पता चला है कि प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी पूर्व में राजस्थान युनिवर्सिटी में प्रोफेसर रह चुके हैं इसलिए भी उन्हें राजस्थान युनिवर्सिटी के वी.सी. के चयन के लिए गठित सर्च कमेटी में शामिल नहीं किया जा सकता था।

याचिका में कहा गया है कि डॉक्टर प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी ने यह तथ्य छुपाया इस वजह से एक अयोग्य व्यक्ति को ''सर्च कमेटी'' का सदस्य बनाया गया। याचिका में आगे कहा गया है कि ''सर्च कमेटी'' के अध्यक्ष एस.के. दुबे ने अयोग्य लोगों को ''सर्च कमेटी'' में नियुक्त किया, इसलिए उनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राजीव जैन सहित सभी अन्य पक्षकार पार्टियों से जवाब तलब किया है। इस मामले पर 29 जुलाई को सुनवाई होगी।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में राजस्थान युनिवर्सिटी के ही जे.पी. सिंघल को भी न्यायिक आदेश के बाद अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था क्योंकि अदालत ने उन्हें भी वी.सी. पद के लिए निर्धारित मापदंडों पर खरा नहीं पाया था, तब भी न्यायाधीश झवेरी की बैंच ने सर्च कमेटी की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे, परन्तु अदालत द्वारा सर्च कमेटी से जवाब-तलब करने से पहले ही जे.पी. सिंघल ने वी.सी. पद से इस्तीफा दे दिया था।

## 'माकन को हटाने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस बात को पहले से ही जानते थे कि कुलदीप बिश्नोई पार्टी से नाराज हैं तथा वे कांग्रेस को वोट नहीं देगें।

अजय माकन अपनी हार के लिये किरण चौधरी तथा विवेक बंसल को दोषी ठहराया है। वे अदालत में भी पहुँच गये हैं। जहाँ किरण चौधरी ने अपने बचाव के लिये अपना स्पष्टीकरण दे दिया है, वहीं विवेक बंसल ने भी अपने बचाव की कोशिश में अपनी खामोशी तोड़ दी हैं। अजय माकन ने राहुल गांधी की पंसद थे तथा उन्होंने ही माकन को हरियाणा से खड़ा किया था। पार्टी ने कुछ वरिष्ठ नेताओं ने तो यहाँ तक कह दिया है कि अजय माकन की हार में प्रियंका गांधी का भी हाथ था।

यह सर्वविदित है कि प्रियंका के पति के डी.एल.एफ के कर्ता-कर्ताओं के साथ काफी घनिष्ठ सम्बन्ध हैं तथा इसी के परिणाम स्वरूप, वे लोग भूपिन्दर सिंह हूडा तथा विनोद शर्मा के काफी नज़दीक हैं। ज्ञातव्य है कि विनोद शर्मा के पुत्र कार्तिकेयन शर्मा अजय माकन के सामने भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में खड़े हुये थे।

## कोविड-19...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जबकि देश में संक्रमित हुये लोगों की संख्या 4,38,03,619 रही है जिनमें 4,31,32,140 लोग ठीक हो गये हैं। ऐक्टिव केस बढ़कर 1,45,654 हो गये हैं। बुधवार को 24 घंटों में हुये 26.04 लाख टीकाकरण के साथ, पूरे देश में टीकाकरण का आँकड़ा 200.61 करोड़ तक पहुँच गया।

# विदेशी इन्वैस्टर भारत से अपनी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करीब 30 बिलियन डॉलर निकाले हैं, और सबसे अधिक, यहां उन्हें भविष्य में डॉलर में निवेश करने को लेकर डर है और वे अपना धन निकाल रहे हैं।

परिणामस्वरूप, ये निवेशक अन्य सभी बाजारों से अपना धन निकाल रहे हैं और अपने फण्ड्स का अमेरिका के बाजारों में निवेश कर रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि अमेरिकी डॉलर का मूल्य बढ़ रहा है और अन्य सभी करेन्सीज़ का मूल्य गिर रहा है। भारतीय रूपया भी इन करेन्सीज़ में से एक है।

उल्लेखनीय है कि यूरोपियन यूनियन की कॉमन करेंसी ''यूरो'' का मूल्य भी डॉलर की तुलना में गिर चुका है और अब यह एक अभूतपूर्व गिरावट की ओर है।

इन परिस्थितियों में यह निष्कर्ष निकालना ग़लत होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में है क्योंकि रूपया गिर रहा है। अगर कुछ है तो वह यह कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक अच्छी आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं दर्शा रही है और विकास की लय को बखूबी पकड़ रही है।

चिंताजनक बात यह है कि गिरते रूपए को संभालने के लिए रिजर्व बैंक बाजार में हस्तक्षेप कर रहा है। इससे भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार में सिर्फ कमी ही होगी और अंत में कुछ भी हासिल नहीं होगा। आर.बी.आई. यदि रूपए के गिरते मूल्य को संभालने के लिए बहुत से डॉलर्स भी खर्च करे, रूपए का मूल्य तब भी कम ही होगा।

ज्ञातव्य है कि पिछले दशक से लगातार चली आ रही आर्थिक उथल-पुथल में रूपए का मूल्य करीब 100 प्रतिशत तक गिर चुका है। दस वर्ष पूर्व रूपया, एक डॉलर की तुलना में 40-44 के आसपास ट्रेड किया जा रहा था और अब यह एक डॉलर की तुलना में 80 के आसपास मंडरा रहा है। सच में, रूपया ही ऐसी एकमात्र करेंसी नहीं है जिसका मूल्य सशक्त अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरा है।

कुछ व्यापारी ऐसा महसूस करते हैं कि जिस तरीके से वैश्विक अर्थव्यवस्था करवट बदल रही है उसे देखते हुए रूपए के मूल्य में और गिरावट अपरिहार्य है। प्रत्यक्ष परिवर्तन, खासतौर पर तेल की कीमतों का ऊपर जाना, वित्तीय बाजारों की निरन्तर अनिश्चितताएं, यूक्रेन में लम्बा खिंचता युद्ध और उसके कमजोर प्रभावों ने उभरती बाजार करेंसीज़ को कमजोर करने में अपना योगदान दिया है। रूपए के अवमूल्यन से अर्थव्यवस्था पर भारी प्रभाव पड़ेगा, लेकिन वित्तीय बाजारों में वर्चस्व की लड़ाई के बीच रूपए के गिरते मूल्य को कृत्रिम रूप से संभालने के बजाए इस विपदा को समाप्त करना बेहतर होगा।

## अग्निपथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के संवेदनशील मुद्दे का स्वयं निस्तारण करने के बजाए जस्टिस डी.वाय.चन्द्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ए.एस.बोपन्ना की सुप्रीम की सुप्रीम कोर्ट की 12 बैंच ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट से कहा था कि वह सभी हस्तांतरित याचिकाओं पर विचार करे।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908